CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

बरेली, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 320 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत बिहार में लड़ेंगे चुनाव पेज 2



जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब खेल टाइम्स



मानव जीवन में मादक पदार्थों के नुकसान तथा उनसे बचाव सम्पादकीय



हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदी छोड़े पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ‘कोल्ड्रिफ’ बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टीएनएफडीए) के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन (डीवीएसी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत (पीएमएलए) की जा रही है।

### मेरठ: पुलिस मुठभेड़ में इनामी निक्की ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ देहात के सरूरपुर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मेरठ देहात के बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जिस पर लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न समेत कई आरोप थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सरधना-बिनौली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इसके बजाय, सवार ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक पुलिसकर्मी गोली लगने के बाद बाल-बाल बच गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर घायल हो गया और अपनी बाइक से गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और एक अपंजीकृत बाइक बरामद की गई।एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहज़ाद पहले भी कई मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है।

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, वार्ता**



- टीएलपी का दावा, गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे कार्यकर्ता, 1500 से ज्यादा लोग घायल
- पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े

**पाकिस्तान** में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक -ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजरायल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी हैं। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। टीएलपी ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में मार्च किया। ये -शेष पृष्ठ दो पर

### गायिका नेहा राठौर की मुकदमा रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के पहलगाम हमले पर कथित भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में दर्ज मुकदमा रद्द करने की उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मामले की जांच जरूरी बताया गया था। पीठ ने कहा कि आरोप तय करते समय याचिकाकर्ता कथित तौर पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के सहित कुछ आरोपों को रद्द करने का मुद्दा उठा सकती है।

# बिहार चुनाव से पूर्व लालू परिवार को बड़ा झटका

## लालू यादव, राबड़ी देवी व तेजस्वी के खिलाफ IRCTC घोटाले में आरोप तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।



नई दिल्ली: लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपों पर सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते हुए।

- सीबीआई के आरोप: लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते समय अनुचित तरीके से दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए ठेके दिए

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बड़गांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचुनाव 11 नवम्बर को कराए जाने हैं। इन सभी चुनाव की मतगणना 14 नवम्बर को कराई जाएगी।

# करूर भगदड़: सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवासी नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितम्बर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी।

- तीन सदस्यीय कमेटी निगरानी करेगी, एक्टर विजय की रैली में 41 लोगों की हुई थी मौत






# मोदी से मिलीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने के प्रयास
- विदेश मंत्रालय ने जारी किया साझा बयान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से सोमवार को साउथ ब्लॉक अपने कार्यालय में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच बिजनेस, एनर्जी, तकनीक, कृषि और सहयोग को लेकर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को शुभकामनाएं दीं और आने वाली बैठकों का इंतजार करने की बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि विदेश मंत्री आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री कार्नी से जल्द मिलने को उत्सुक हैं। इससे पहले भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद साझा बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर रोडमेप तैयार किया गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के समय में मजबूत साझेदारी जरूरी है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड बनने के नियमों में बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली 44 हजार पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती में अब सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय सेवाओं में नियमित रूप से कार्यरत व्यक्ति आवेदन नहीं कर सकेंगे। पहले ऐसे कर्मी होमगार्ड बनने के लिए पात्र होते थे। होमगार्ड विभाग ने इसमें बदलाव करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद सार्वजनिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मी होमगार्ड भर्ती के लिए बनने वाले एनरोलमेंट बोर्ड में आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। होमगार्ड भर्ती के लिए एनरोलमेंट की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इसके आवेदन जिलेवार ऑनलाइन लिए जाएंगे। एनरोलमेंट वास्तविक रिक्तियों के सापेक्ष होगा, जिससे लाखों युवाओं को आवेदन करने का मौका मिलेगा।

### कैडेट अंतरिक्ष के माता-पिता बोले- बेटे ने नहीं की आत्महत्या

**बहराइच।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम को सुमेरपुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। परिवार शोक में डूबा है। परिजनों ने अंतरिक्ष की मौत को आत्महत्या न मानते हुए आरोप लगाया कि सेना के अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है, उन्हें सीसीटीवी रिकार्डिंग तक नहीं दिखाई गई। माता-पिता और भाई का कहना है कि अंतरिक्ष रात 10.30 बजे तक बिल्कुल सामान्य था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने फांसी लगा ली। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह, जो असम के गुवाहाटी में सूबेदार पद पर तैनात हैं, ने बेटे को मुखाग्नि दी है।

# किशोर पर बालिग की तरह मुकदमे को आईक्यू-ईक्यू टेस्ट अनिवार्य

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराधों में किशोर पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आईक्यू और ईक्यू टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) किसी बच्चे पर बालिग (वयस्क) की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता। उसका मानसिक-भावनात्मक परिपक्वता का वैज्ञानिक और कठोर मूल्यांकन आवश्यक है।

कोर्ट ने इसके लिए जेजे बोर्ड और बाल न्यायालयों के लिए 11 अनिवार्य दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार किया है जिनका पालन तब तक किया जाएगा, जब तक कि विधायिका इस संबंध में स्वयं कोई कानून नहीं बना लेती। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने प्रयागराज निवासी किशोर की याचिका



पर दिया है। जार्जटाउन थाने में 2019 में किशोर पर हत्या सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराध के समय किशोर की उम्र 17 साल छह महीने 27 दिन थी। जेजे बोर्ड ने उस पर पहले से दर्ज दो मुकदमों, जिला परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट, प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर हत्या और अन्य अपराधों के परिणामों को समझने में सक्षम पाते हुए एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। अपीलीय न्यायालय ने भी जेजे बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को किशोर ने हाईकोर्ट में

**किशोर न्याय बोर्ड किसी बच्चे पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता: हाईकोर्ट**

चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि किशोर न्याय बोर्ड, अपीलीय न्यायालय की ओर से उम्र निर्धारण के लिए किया गया प्रारंभिक मूल्यांकन कानून के अनुसार नहीं है और अविश्वसनीय है। बच्चों की उम्र का निर्धारण करने के लिए बौद्धिक क्षमता द्धआईक्यूऋ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्धईक्यूऋ का मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के लिए मानकीकृत उपकरणों जैसे बिनेट कामत टेस्ट, विनलैंड सोशल मैच्योरिटी स्केल (वीएसएमएस), भाटिया बैटरी टेस्ट आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही रिपोर्ट में उपयोग की गई कार्यप्रणाली का उल्लेख होना चाहिए। जघन्य अपराध करने की बच्चे की शारीरिक और मानसिक क्षमता और उसके परिणामों को समझने की उसकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किए जाएंगे। बोर्ड परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी को 15 दिन के भीतर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दो सप्ताह के भीतर बच्चे की और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जघन्य अपराध के मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एक महीने के भीतर गवाहों के बयान और जांच के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। बच्चे के किसी भी पिछले अपराध में संलिप्तता की संख्या और प्रकृति का विवरण देना होगा।

# एक लाख का इनामी गुरुसेवक ढेर, साथी फरार

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गुरुसेवक मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी की क्राइम ब्रांच और लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि बुद्धेश्वर निवासी योगेश पॉल की हत्या कर वाहन लूटने वाला बदमाश गुरुसेवक, शाहजहांपुर के पुवायां में भी अपने साथी के साथ अवनीश दीक्षित की हत्या कर चार पहिया वाहन लूट चुका है। वह उसी वाहन को बेचने के इरादे से मोहान रोड होते हुए आउटर रिंग रोड की ओर जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीमों ने जीरो प्वाइंट और आउटर रिंग रोड कट पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन पहुंचा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी तेज कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर गाड़ी फंस गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी झाड़ियों में भाग निकला। घायल बदमाश को तत्काल रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

**कोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाई**

कानपुर के सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के दुर्गा विहार निवासी विमल ने 25 दिसम्बर 2022 को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोलंकी के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, शाहिद लारी और कमर आलम के खिलाफ भी मारपीट, रंगदारी, धमकी समेत सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी जाजमऊ स्थित आराजी संख्या 963 जिसका रकबा एक हजार वर्ग मीटर जमीन था। विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, कमर आलम और शाहिद लारी ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। डीएम से शिकायत पर लेखपाल ने जाकर जांच की और पुलिस के द्वारा कार्रवाई करके जमीन कब्जा मुक्त कराने की बात भी लिखी थी। जब इन लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया था, तो दर्शाया कि आराजी संख्या 48 की जमीन का हिस्सा है। वादी ने आराजी संख्या 48 के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह जमीन कानपुर डेवलपमेंट अथारिटी के नाम है, जिसका पूरा रकबा 77 सौ वर्ग मीटर का है।

### बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार का किया दावा

# योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत

**बलिया, वार्ता**



**बिहार में लड़ेंगे चुनाव, कल 153 प्रत्याशी उतारेंगे, बोले-जब जरूरत थी तो गिड़गिड़ा रहे थे अभी भी समय**

एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है।

सुभासपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बड़े बेटे अरविंद राजभर ने सोमवार को यह जानकारी ऑनलाइन दी। उन्होंने बताया कि सुभासपा बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार के आधार पर अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। अरविंद राजभर सुभासपा के वर्तमान में प्रधान राष्ट्रीय महासचिव है। अरविंद ने एनबीटी ऑनलाइन से कहा कि यूपी की तर्ज पर उनकी पार्टी बिहार में भी एनडीए गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थी। इसके लिए एनडीए गठबंधन की अगुआ बीजेपी के सभी संबंधित लीडरों से लगातार संपर्क बना हुआ था। अरविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि बिहार बीजेपी स्टेट यूनिट से गठबंधन को लेकर सकारात्मक रिपोर्ट बीजेपी टाप लीडरशिप को नहीं दी गयी है। इसके बाद एनडीए की ओर से इस बाबत (बिहार विधानसभा गठबंधन) अब तक कोई सकारात्मक संकेत उन्हें नहीं मिले हैं। इस बाद अरविंद ने बताया कि यूपी में बीजेपी और सुभासपा के कोआर्डिनेटर राज्यसभा सदस्य डाक्टर दिनेश शर्मा को सुभासपा के अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय से उन्होंने भिज्ञ करा दिया है। इस बीच अरविंद ने बताया कि बीजेपी के अन्य शीर्ष नेताओं को भी निर्णय से संबंधित सूचना उनकी ओर से भेज दी गयी है। अरविंद ने बताया कि उनके पार्टी की ओर से सोमवार को 35 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की तैयारी है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएं। अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा किसी समझौते या दावे के बजाय बिहार में अपने संगठन की ताकत पर भरोसा करती है। बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए की तरफ से सीटों में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि बिहार के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व को गलत फीडबैक दिया है। इसकी सज़ा बिहार के लोगों को मिलेगी। उन्होंने 153 सीटों पर लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में हम एक मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे।

### राजनीति के दगे हुए कारतूस हैं ओपी राजभर: सपा सांसद पांडेय

**बलिया।** सपा सांसद सनातन पांडेय ने भाजपा के स्वदेशी अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग और देश के पीएम वही कहते हैं, जो नहीं करते हैं। इन लोगों ने कहा था कि दीपावली में चीन से आने वाली लाइटों का उपयोग नहीं किया जाएगा। हकीकत यह है कि आज पूरे देश में चीन की लाइटें बिक रही हैं। सांसद सनातन पांडेय ने डाक बंगले में बातचीत में कहा कि कहा कि मुझे भी स्वदेशी की बात पसंद है। हम भी स्वदेशी अपनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा को देश और स्वदेशी पर विश्वास ही नहीं है। चीन से सटी हमारी सीमाएं कम हुई हैं। इन्हें बताना चाहिए था कि भारत की सीमाएं क्यों घटी हैं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा आजमगढ़ की एक सड़क के विकास को मॉडल के रूप में दिखाते हुए योगी सरकार की तारीफ पर सांसद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का यह बयान बता रहा है कि वह अंदर से डरे हुए हैं। भाजपा में मंत्री बनने के बाद जहुराबाद का उन्होंने कितना विकास कराया।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82327.05 | निफ्टी 25227.35 | सोना रु. 124155 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 175325 प्रति किलो




# आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही दिन 173.77 अंक (0.21 प्रतिशत) उतरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ।

पिछले दो कारोबारी दिवसों पर हरे निशान में बंद होने वाला सूचकांक आज 450 अंक से ज्यादा की गिरावट में खुला था, लेकिन बाद में कुछ हद तक उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 58 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट में 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,118 के शेयर हरे निशान में, 1,974 के लाल निशान में बंद हुए, जबकि



109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली का जोर ज्यादा रहा।

वहीं बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टरों के शेयरों में लिवाली अधिक हुई। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप-50 में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 फीसदी की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.46 प्रतिशत और इंफोसिस का 1.40 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। मुनाफे में रहने वालों में अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.04 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.32 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 0.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.79 प्रतिशत की तेजी में रहा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट हावी रही। जापान का निक्केई 1.01 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत की बढ़त में थे।

### चांदी एक दिन में 10,825 महंगी 1.75 लाख पार पहुंची, सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ए 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेंहू में मंदी रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 48 रिगिट घटकर 4,496 रिगिट प्रति टन रह गया। वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.20 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 107 रुपए बढ़कर 3,852.25 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव 13 रुपए टूटकर 2,851.67 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटे की कीमत भी 22 रुपए घटी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 78 रुपए और सोया तेल की 41 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 89 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 28 रुपए और वनस्पति



68 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 135 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 127 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 143 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 125 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 193 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7903.22 रुपए, मसूर काली 8153.44 रुपए, मूंग दाल 10118.90 रुपए, उड़द दाल 10429.94 रुपए, तुअर दाल 10536.24 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पाकिस्तान में...**

प्रदर्शन 9 अक्टूबर से जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर कैंप लगाए थे, लेकिन भारी बैरिकेडिंग के बावजूद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 170 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल किया। यहां मीडिया कवरेज भी बैन है। वहीं, टीएलपी नेता साद रिजवी ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि गिरफ्तारी कोई समस्या नहीं है, गोलियां कोई समस्या नहीं हैं, शहादत हमारी नियति है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

### पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह गोपीनाथन हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके केरल मूल के के. गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गोपीनाथन कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, कांग्रेस सांसद शशि कांत सेंथिल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गोपीनाथन ने 2019 में नौकरी से त्यागपत्र दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाते हुए उनका परिचय देते हुए कहा कि देश के दलित और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति जुनून रखने वाले और हमेशा न्याय और एकता के लिए लड़ने वाले बहादुर नौकरशाहों गोपीनाथन की पहचान है। गोपीनाथन का कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है।

# नकली कफ सिरप: यूपी में नारकोटिक्सस टीमों के ताबड़तोड़ छापे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ताल, मेडिकल स्टोर सील**

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने जिले भर में छापे मारे।

लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में टीमों ने 10 जगह पर छापा मारकर जांच की। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर (एक लखनऊ व एक सीतापुर में) सील किए गए। अफसरों का कहना है कि गुजरात की एक फर्म जिसका डिपो लखनऊ में है, के जरिए नारकोटिक्स की दवाओं व कफ सिरप की आपूर्ति कई जिलों में की गई थी। एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि छापे के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को लखनऊ बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म की जांच की। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर जांच की गई जिसमें फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। नारकोटिक्स औषधियों का भंडारण संतोषजनक नहीं था। फर्म के जरिए भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप विक्रय में अनियमितता मिली। बिक्री से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ब्रजेश ने बताया इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं, जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो है। गुजरात की इस फर्म के जरिए बड़ी तादाद में कोडिन सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा था। अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का कहना है इस मेडिकल स्टोर ने बड़ी तादाद में कफ सिरप व नारकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बाटल कोडिन कफ सिफ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को जोया रोड जाम

## शराब पार्टी में किसान की गोली मारकर की गई हत्या का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद शव जोया-अमरोहा मार्ग पर जाम लगा दिया। गुस्साई भीड़ ने ट्रैक्टर बीच सड़क पर खड़े कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। भीड़ हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी रही। हालात बिगड़ते देख मौके पर चार थानों का फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस अफसरों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए बमुश्किल भीड़ का गुस्सा शांत किया। शुरुआती जांच में अभिषेक की हत्या में गांव के रहने वाले दो सगे भाइयों का नाम सामने आया है। तहरीर के आधार पर रविवार देर रात अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने वाली पुलिस आरोपी भाइयों के परिजनों व करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



रविवार देर रात हत्याकांड देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड स्थित एक फॉर्म हाउस में अंजाम दिया गया था। क्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी किसान श्रीराम सिंह के 45 वर्षीय बेटे अभिषेक उर्फ भूरे की अज्ञात हमलवारों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कनपटी से बिल्कुल सटाकर मारी गई गोली ने सिर के चिथड़े उड़ाते हुए आर-पार निकल गई थी। दरअसल, फार्म हाउस में खास दावत का इंतजाम किया गया था। जिसमें सिर्फ वार्ड 12 के 200 से 250 लोग शामिल हुए थे। नगर पालिका के एक चर्चित ठेकेदार की ओर से दी गई दावत में लोगों के लिए शराब की भी व्यवस्था की गई थी। गोलीकांड के बाद दावत में आए सभी लोग भाग निकले थे। हत्या की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह और सीओ नौगावां सादात अवधभान भदौरिया भी देर रात घटनास्थल पर आ गए थे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट व फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए थे। सुरक्षा के लिहाज से नौगावां सादात, डिडौली और शहर कोतवाली से भी फोर्स बुलाना पड़ा था। परिजनों के गुस्से के बीच पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया था। वहीं, पुलिस ने देर रात मृतक के भाई प्रेम सिंह की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के घखिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस तभी से छानबीन में जुटी है। उधर, सोमवार दोपहर अभिषेक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद परिजनों ने शव जोया-अमरोहा मार्ग पर रख दिया। सड़क के बीचोबीच ट्रैक्टर खड़े करते हुए जाम लगा दिया तथा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते भी हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी शघक्ति सिंह और सीओ अवधभान भदौरिया मौके पर पहुंचे। बिगड़ते हालात भांपते हुए चार थानों का फोर्स बुला लिया।पुलिस अधिकारियों ने गुस्साई भीड़ को बमुश्किल समझाकर शांत किया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शव गांव हाशमपुर तक पहुंचाया गया। शाम में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया

# किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में दो को चार साल की कैद

## साढ़े 12 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले दो दोषियों को न्यायालय ने चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 12,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों दोषी जमानत पर जेल से बाहर थे, न्यायालय का फैसला आने के बाद एक दोषी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। जबकि एक दोषी पहले ही वारंट जारी होने पर पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

यह घटना सैदनगली थानाक्षेत्र के गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। जमीन कम होने के कारण किसान ने पड़ोस के गांव कुंद. रकी में चौथाई पर जमीन ले रखी थी जिसमें मेंथा की फसल खड़ी थी। 16 मई 2018 को किसान की 16 वर्षीय बेटी अपने छोटे भाई के साथ खेत पर मेंथा की फसल की सिचाई करने गई थी। शाम के समय कुंदरकी गांव के रहने वाले विनेश और काले ने किशोरी से दुष्कर्म करने की कोशिश की। उसके शोर मचाने पर मारपीट की। भाई-बहन के शोर मचाने वालों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। इस मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने विनेश और काले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने दोनों को न्यायालय में भेज दिया था। फिलहाल दोनों जमानत पर जेल से बाहर थे। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी पैरवी कर रहे थे। सोमवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी विनेश और काले को दोषी करार दिया। साथ ही दोनों को चार साल की सजा सुनाई और 12500 रुपये का जुर्माना लगाया है।



अमरोहा। जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करतीं डीएम।

# दौड़ में सांची व संध्या ने मारी बाजी

## मिनी स्टेडियम में जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में नारंगपुर की सांची तथा सौ मीटर में नारंगपुर की संध्या ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मिनी स्टेडियम में जनपद स्तरीय 27वीं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 19- बालक वर्ग 200 मीटर में हसनपुर के नितिन ने पहला स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में बादशाहपुर के मौहम्मद कैफ ने पहला, नितिन कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ में गंगेश्वरी की कविता प्रथम, लम्बी कूद में धनौरा की ज्योति प्रथम, 100 मीटर दौड़ में विजय लक्ष्मी विजेता रहीं। अंडर 17 बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में विकास कुमार ने बाजी मारी। 800 मीटर दौड़ में प्रीत सिंह सिंधू ने पहला, शोभा ने दूसरा स्थान हासिल किया। लम्बी कूद में छाया ने पहला, हिमांशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में हिमिका ने पहला, पलक दूसरे स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में निलाक्षी ने पहला, वंशिका ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में शिवम कुमार ने पहला, अनमोल ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में सांची प्रथम, शुभी दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का उदघाटन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। डीएम ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपना सर्वेश्रेष्ठ देना चाहिये। हार-जीत की चिंता छोड़कर वह अपना स्वभविक खेल खेले। खेलों से उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता है। डीएम ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चें अपना भविष्य बना सकते है। पूरी मेहनत व ईमानदारी से खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले। इस मौके पर डा. जीपी सिंह, चारू शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, गुरनाम सिंह, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, सत्यपाल सिंह, स्नेहलता, डा. धर्म सिंह, डा. जमशेद कमाल, पवन कुमार, दिनेश चिकारा, जीवन सिंह, हेमलता, चन्द्रपाल सिंह, विजयपाल यादव, अतुल शर्मा, शैलेश पंकज, डा. संजीव कुमार, अनिल कुमार, शाह आलम, देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। संचालन डा. वीरेन्द्र कुमार शक्ला ने किया।

## एक नजर

### भाजपा राज में व्यापारी दुखीः सर्वेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि जितना उत्पीड़न व्यापारियों का भाजपा सरकार कर रही है आज तक किसी ने नहीं किया। कार्यालय पर सपा व्यापार सभा की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास रोजगार देने की हिम्मत नहीं है। जबकि व्यापारियों का खुलेआम उत्पीड़न किया जा रहा है। इन्हीं के दम पर देश की अर्थव्यवस्था को मजदूरी दी जा सकती है। परन्तु आये दिन सरकारी विभाग के अधिकारी व्यापारियों का शोषण करने पहुंच जाते हैं। विजयपाल सैनी ने कहा कि सरकार केवल हिन्दू मुस्लिम उन्वाद फैलाना चाहती है। बैठक में आलोक भारती, संतराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, राधेलाल रघुवंशी, अतीक अहमद, सुरेन्द्र यादव, मुमताज खां, रविपाल चिकारा, अलीमुद्दीन, महेश यादव, राजेश सैनी, कल्लू खान, मोहम्मद कासिम मौजूद रहे।

### वृद्ध के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रेलवे स्टेशन के समीप मिले वृद्ध के शव को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते एसपी से मिलकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। बतातें चलें कि चार सितम्बर को अमरोहा रेलवे स्टेशन के समीप एक बुजुर्ग का क्षतविक्षिप्त शव मिला था। जिसकी पहचान नौगांवा सादात के पत्रकार अकबर सैफी के पिता हैदर अली के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था। आज इसी मामले को लेकर परिजनों ने एसपी से मुलाकात की तथा वृद्ध की हत्या की आशंका जताते मामले की जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर पत्रकार अकबर सैफी, इफ्तेखार सैफी, इकबाल अंसारी, दिलशाद हुसैन, शाहिद सैफी, जुबैर सैफी, शहजाद आब्दी आदि मौजूद रहे।

### मेंहदी प्रतियोगिता में आफरीन प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मेंहदी प्रतियोगिता में आफरी ने पहला, फारेहा अमीन ने दूसरा जबकि जुनैरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटिश इंग्लिश कालेज में मेंहदी प्रतियोगिता करायी गयी। जो कक्षा छह से 12 की छात्राओं के बीच हुई। प्रतियोगिता में कक्षा 11 के आफरी ने पहला, 12 की फारेहा ने दूसरा तथा कक्षा आठ की जुनैरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता छात्राओं को शील्ड, सार्टिफिकेट, पैन सैट देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक शाहनवाज अंदाज ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं सामने लाती है। इस मौके पर अरीबा नाज, इशा रानी, लायबा, प्रधानाचार्य फजीलत निशा, मौहम्मद सईम, अफसर शेख आदि मौजूद रहे।

### खाद्य विभाग ने लिए दूध-पनीर के नमूने



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दीपावली के मौके पर खाद्य विभाग ने डेयरी व मिष्ठान भंडारों पर छापेमारी की। गांव पायंती कलां में इमरान पुत्र नन्हें के यहां से दूध का नमूना लिया। जबकि बब्बन खां की डेयरी से भी दूध का नमूना एकत्र किया गया। कैलसा-पाकबड़ा रोड स्थित यासीन के यहां से दूध का नमूना लिया गया। गजरौला के मोहम्मद सुल्तान नगर पूर्वी स्थित गुड्डू खान के यहां से रसगुल्ले के दो नमूने व नासिर के यहां से छेना मिठाई के नमूने लिये गये। चार नमूने दूध, एक नमूना पनीर, दो छेना मिठाई मिलाकर कुल नौ नमूने विभाग द्वारा लिये गये हैं। टीम में सहायक आयुक्त विनय कुमार, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

# जमीन के विवाद में दौड़ा दौड़ाकर पीटा

## आधा दर्जन के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव में रुखालू में गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे दो पक्षों के बीच जमकर हो रही मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष की गंगा एक्सप्रेसवें में जमीन अधिग्रहण हो गई थी। जिस पक्ष की गंगा एक्सप्रेसवे में जमीन अधिग्रहण हो गई वह पक्ष दूसरे पक्ष की जमीन में से अपना हिस्सा मांग रहा है। इसी को लेकर बीते दिन गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे दोनों पक्षों की भी भिड़ंत हो गई। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक पक्ष दूसरे पक्ष को बड़ी बेदर्दी के साथ पीट रहा है। जैसे तैसे कर ग्रामीणों ने दबंगों के कब्जे से पीड़ित को बचाया। मारपीट में युवती भी घायल हो गई। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष के दिलशाद ने आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने अशरफ, कासिम व आसिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज दिया है।

# किसान के घर से छह सोलर पैनल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चोरों ने किसान के खेत से 6 सोलर पैनल को चोरी कर लिया। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है। सर्किल हसनपुर क्षेत्र के गांवों में किसानों के ट्यूबेलों के उपकरण चोरी करने वाला गैंग लगातार अपने काम को अंजाम दे रहा है। 2 दिन पहले थाना सैदनगली क्षेत्र के झंडी माफी एवं कनेटा की मंढेयों से अज्ञात चोरों द्वारा किसानों के खेतों से ट्यूबेल चलने वाले उपकरणों को चोरी कर लिया गया था। उसके बाद अब चोरों ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव का रुख किया है। बीती रात रुद्रपुर मंजर निवासी रमेश पुत्र चेतराम के खेत पर ट्यूबेल चलाने के लिए लगाई गई 6 सोलर पैनल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।

# कोर्ट का आदेश पर कब्र से निकाला युवती का शव

## पांच माह पहले हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव शेरपुर में दफन एक महिला का शव पांच महीने बाद कब्र से निकाले जाने ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। कोर्ट के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से अब यह खुलकर सामने आएगा कि राव. ीना की मौत हादसा थी, हत्या थी या लापरवाही की देन।

मृतका रावीना की शादी करीब सात साल पहले शेरपुर मुस्तकम निवासी शाहिद से हुई थी। दो बेटियों की मां रावीना पर ससुराल पक्ष द्वारा अक्सर लड़की ही क्यों का ताना कसा जाता था। आरोप था कि रावीना को पति शाहिद ससुर जमील सास जुलैखा,देवर रिफाकत,ननद शाहिस्ता ने केवल लड़की पैदा होने का ताना देते हुए लड़का पैदा न होने पर मान. सिक रूप से उत्पीड़न करने लगे घटना में शफीक निवासी शेरपुर, सत्तार निवासी वासीपुर पर भी उत्पीड़न का आरोप था। एक मई को उसने धनौरा के एक निजी अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया, जिसके बाद उसे गांव के एक क्लिनिक में ले जाया गया। यहीं पर कथित रूप से गलत इंजेक्शन लगाया गया, हालत बिगड़ी और ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा। मायके वालों का कहना है कि ससुराल पक्ष ने जल्दबाजी में बिना पोस्टमार्टम कराए शव दफना दिया और धमकाकर चुप रहने को कहा। तीन महीने बाद शिकायत पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। निराश परिजनों ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर 26 अगस्त को ससुराल पक्ष के पति शाहिद, ससुर जमील, सास जुलेखा, देवर रिफाकत, ननंद शाहिस्ता, जमील, सत्तार व डॉ छोटे सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। सोमवार को सीओ अंजली कटारिया तहसीलदार मूसाराम थारू थानाध्यक्ष बालेन्द्र कुमार और प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में कब्र को खोला गया और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# पोस्ट मास्टर व गार्ड की गिरफ्तारी की मांग

## सिपाही व पत्नी से मारपीट का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डाकघर में सिपाही व पत्नी के साथ हुई मारपीट में नामजद पोस्ट मास्टर व गार्ड की गिरफ्तारी की मांग को परिजनों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।

बताते चलें कि मोहल्ला कोट स्थित मुख्य डाकघर में नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक सिपाही दो दिन पूर्व पत्नी के साथ बेटे का आधार कार्ड बनवाने पहुंचा था। जिस पर स्टाफ ने मशीन खराब होने की बात कहकर उसे टालने का प्रयास किया। परन्तु सिपाही ने बताया कि वह मुश्किल से छुट्टी लेकर यहां आया है। इसी बात को लेकर स्टाफ से सिपाही की कहासुनी हो गयी। देखते ही देखते बात मारपीट में बदल गयी। स्टाफ ने सिपाही के साथ मारपीट की। जब पत्नी बचाने आयी तो उसे भी पीटा गया। इतना ही नहीं गार्ड लटूर सिंह ने अपनी लाइसेंसी रायफल से डाकघर में दो राउंड फायरिंग भी की थी। सिपाही की पत्नी की तहरीर पर पोस्ट मास्टर अमित यादव व गार्ड लटूर सिंह के खिलाफ जानलेवा हमला, छेड़छाड़ धमकी देने का मुकदमा दर्ज



किया गया था। परन्तु पुलिस ने अभी तक दोनों को गिरफ्तार नहीं किया है। आज परिजन कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने ज्ञापन सौंप आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग की।

# अहोई अष्टमी पर बेटों के लिए मांगी दीर्घायु

## माताओं ने व्रत रखकर की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले भर में अहोई अष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। माताओं ने निर्जला व्रत रखकर बेटों के लिये दीर्घायु की कामना की। जबकि बच्चों ने माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

मां और बेटे के बीच अटूट प्रेम का पर्व अहोई अष्टमी सोमवार को पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दिन माताओं ने अपने बच्चों की दीर्घायु के लिये निर्जला उपवास रखा। वह सारा दिन भूखी प्सासी रहकर बच्चों की सलामती की कामना करती रही। इस त्यौहार को लेकर माता और पुत्रों में अपार श्रद्धा है। माताओं ने सांय के समय तारों को देखकर माता अहोई का गुणगान किया तथा व्रत खोला। उन्होंने अपने बच्चों को वस्त्र आदि भेंट किये जबकि अहोई अष्टमी की कथा का पाठ भी किया। बेटों ने भी माताओं के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनकी सेवा का वचन दिया। सारा दिन मां और बेटों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उधर कुछ माताओं ने अपने पुत्रों को रेस्टोरेंट व होटल में ले जाकर भोजन कराया। उनकी पसंद के उपहार भेंट किये। सारा दिन इस पर्व को लेकर श्रद्धा व आस्था दिखाई देती रही। घरों में पूजा स्थल को मनमोहक ढंग से सजाया गया तथा माताओं ने पूरी श्रद्धा से पूजा की।

# गंगा तिगरी मेले में होगा आस्था व श्रद्धा का संगमः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि तिगरी मेला सुविधा, सुरक्षा और आस्था के संग आयोजित होगा। किसी भी स्तर पर श्रद्धालुओं को असुवधिा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। पूरी उम्मीद है कि सभी के प्रयास और श्रद्धालुओं के सहयोग से तिगरी मेला भव्य और दिव्य रूप से आयोजित होगा।

सोमवार को तिगरी मेले पहुंची डीएम ने अधिकारियों के साथ तिगरी मेले का भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों से मेला क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी ली। कहा कि तिगरी मेला लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है, इसलिए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बाढ़ खंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा का कटान रोकने के लिऐ जरूरी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि दीपावली तक काम पूरा कर लिया जाए, कोई भी अधिकारी या कर्मचारी यदि मेला आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही बरतेगा तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मेला आयोजन के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराए जाएं, मेला क्षेत्र में आ रही फसलों को तेजी से कटवाया जाए ताकि मेले की व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराया जा सके। उन्होंने गंगा की गहराई भी दिखाई, और गहरे स्थानों पर बैरेकैडिंग लगाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस बार भी तिगरी मेला बहुत ही भव्य और दिव्य रहेगा। सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### पर्याप्त मात्रा में बनेंगे शौचालय

**गजरौला।** गंगाधाम तिगरी में आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा के ऐताहासिक मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में शौचालय बनवाए जाएंगे तो वहीं उचित मात्रा में हैण्डपंप की स्थिति रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ा। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त रखा जाएगा। नगर पालिकाओं द्वारा भी शौचालय की व्यवस्था कराई जाएगी। समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा हर वर्ष की तरह पानी वितरण के लिऐ पौशाला भी लगवाई जाएंगी।

# थाने पर गरजी भाकियू शंकर

## युवकों को रिहा नहीं किया तो एसपी कार्यालय पर भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगावां सादात।** युवक की मौत के मामले में जेल भेजे गये तीन युवकों को निर्दोष बताते भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीनों युवकों को रिहा नहीं किया गया तो वह एसपी कार्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। जबकि दिवाली भी नहीं मनायेंगे।

भाकियू(शंकर) के कार्यकताओं ने थाने गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गांव बीबड़ा कला निवासी आकाश की मौत के मामले में पुलिस ने नीतू, सोमवीर तथा सुनील को जेल भेजा है। जबकि तीनों युवकों का इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में भी साफ दिखाई दे रहा है कि घटना के वक्त उक्त युवक वहां मौजूद नहीं थे। लेकिन पुलिस ने बिना साक्ष्य के उक्त कार्रवाई की है। जिसे किसी भी हाल में

**मांग पूरी न हुई तो नहीं मनायेंगे दिवाली**

सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर तीनों युवकों को सशर्त रिहा नहीं किया गया तो कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। इसके अलावा उन्होंने दीपावली भी नहीं मनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि युवकों को इस मामले में साजिश के तहत फंसाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसी पुलिस की मनमानी किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। यहां बताते चले कि आकाश की मौत के मामले में जेल भेजे गये युवकों को लेकर मामला लगातार गहराता जा रहा है। दो दिन पहले भाकियू ने मंडी धनौरा में स्टेट हाईवे जाम कर अपना विरोध जताया था। आज प्रदर्शन करने वालों में चौ. धर्मवीर सिंह, नेमपाल सिंह, गजराम चौहान, सुनील चौहान, रोहताश चौहान, देवेन्द्र सिंह, राम सिंह सैनी, रेखा देवी, बलराज सिंह, संदीप सैनी, राजपाल सिंह, श्याम सिंह, हुकुम सिंह, कलाव. ती, जयवती, प्रेमवती, मोहित, रेखा, डा. गोपाल, सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। अध्यक्षता बृजेश प्रधान व संचालन राजकुमार दिवाकर ने किया।



नौगावां सादात। निदोष युवकों को रिहा करने की मांग को धरना देते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता।

# बुखार से आप नेता के बेटे समेत दो की मौत

## परिवारों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आम आदमी पार्टी के नेता के पुत्र व वह मासूम बच्ची की बुखार की चपेट में आकर मौत हो गई। दोनों मौतों के होने से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी शिवम पुत्र अमर सिंह खड़गवंशी को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। जब शिवम की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उपचार कराने के लिए उसे मेरठ ले गये थे। लेकिन वहां पर शिवम की उपचार के दौरान मौत हो गई। शिवम की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। शिवम के पिता अमर सिंह खड्गवंशी आम आदमी पार्टी के टिकट पर हसनपुर विधानसभा का चुनाव लड़े थे। अमर सिंह की मौत की सूचना पाकर उनके आवास पर क्षेत्र के ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। इसके अलावा नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी विकास की 2 वर्षीय बेटी खुशी को कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजनों द्वारा खुशी का उपचार कराया जा रहा था। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो सका। खुशी की मौत होने से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। जब के स्वास्थ्य विभाग बुखार से दोनों मौतों के होने से इंकार कर रहा है।

# श्मशान की भूमि पर बने दो मकान सील

## तीसरे मकान स्वामी को दो दिन का अल्टीमेटम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शमशान घाट की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए तीन मकानों पर सीलिंग की कार्यवाही करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके बाद घंटों के हिसाब में की गई कार्यवाही में टीम सिर्फ दो मकानों पर सीलिंग की कार्यवाही कर पाई। बाद में एक मकान की सीलिंग का कार्य अब दो दिन बाद होगा। जिसे टीम द्वारा उस घर के लोगों से लिखवा लिया गया। कार्यवाही से लोगों में हड़कंप मचा रहा। नगर के मोहल्ला छेवड़ा, तकिया मोती शाह का पूरा मामला है। वहां शमशान की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मकानों को ध्वस्त कराए जाने का नोटिस राजस्व विभाग की टीम द्वारा कई बार दिए जाने के बाद जब मकान स्वामियों ने कोई जवाब नहीं दिया तो आज राजस्व विभाग की टीम द्वारा दो मकानों का सामान निकलवा कर उन पर सीलिंग की कार्यवाही कर दी गई। तहसील प्रशासन की टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से लोगों में हड़कंप मचा रहा। टीम द्वारा कई घंटे सीलिंग की कार्यवाही में लगाए गए बाद में एक तीसरे मकान को दो दिन में अपना सामान हटाने का समय देकर टीम वहां से लौट गई नायाब तहसीलदार रूपक सक्सेना ने बताया कि श्मशान की भूमि पर बिना नक्शा पास कराए इन तीन मकानों को कई बार नोटिस दिया जा चुका है इनके द्वारा की गई अपील भी निरस्त हो चुकी है अब इन मकानों पर सीलिंग की कार्यवाही की गई है बाद में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# घनी आबादी में मिला कोबरा, मची दहशत

## वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में कोबरा दिखने से हड़कंप मच गया। वन विभाग ने किया रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़ लिया।

नगर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अग्रवाल धर्मशाला के पास नाली में एक कोबरा सांप दिखाई दिया। खतरनाक सांप को देखकर बाजार के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम जिसमें वन दरोगा पलटराम और सैद मोहम्मद शामिल थे। तुरंत मौके पर पहुंच गये। वन विभाग की टीम ने बिना किसी देरी के कोबरा सांप का सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। वन रेंजर नरेश कुमार ने पुष्टि की कि कोबरा सांप को किसी भी तरह का नुकसान पहुँचाये बिना सुरक्षित तरीके से पकड़ा गया है। और उसे दूर जंगल में छोड़ दिया गया है। इस कार्रवाई से लोगों ने राहत की साँस ली और एक बड़ा हादसा टल गया।

## ट्रेड फेयर में 86 को मिला रोजगार



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ट्रेड फेयर में आयोजित रोजगार मेले में 86 बेरोजगारों को नौकरी मिली। जबकि मंगल दल को प्रोत्साहन किट दी गई। जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 240 अभ्यार्थी शामिल हुए। सात कम्पनियों द्वारा 86 अभ्यार्थियों को रोजगार के लिये चयनित किया गया। इससे पूर्व मेले का शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स व सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। दोनो अधिकारियों द्वारा मंगल दल को प्रोत्साहन किट का वितरण भी किया गया। जबकि अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख गुरदीप सिंह ढिल्लो भी मौजूद रहे।

## आग से हजारों का माल जला

**शाह टाइम्स संवाददाता आदमपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सांथलपुर में बीती रात लगभग 9 बजे घर में बने पूजा स्थल से निकली चिंगारी ने एक गरीब परिवार के घर में भीषण आग लगने के कारण भारी नुकसान हो गया। आग की इस घटना में मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले रामवीर सिंह पुत्र रामलाल सिंह की जमा-पूंजी और बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात, फर्नीचर, कपड़े जलकर राख हो गये। मिली जानकारी के अनुसार, रामवीर सिंह ने बैंक में तकनीकी खराबी के चलते बच्चों की फीस और घर की जरूरी चीजें खरीदने के लिए पचास हजार रुपए नकद घर में रखे थे। जो पूरी तरह से जल गये।

## भाजपा राज में प्रदेश का चहुमुंखी विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगरवासियों ने मिलकर प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करने पर विचार-विमर्श किया। सभा में सतत विकास, बेहतरीन नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, नगरीय सेवाओं और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर चर्चा हुई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि प्रतिभा, परंपरा और प्रगति की प्रयोगशाला है। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, लिपिक आरती शर्मा, राजीव दीक्षित, दुलीचंद गिहार, अंशुल, अफजाल, गौरव धारीवाल, जगत सिंह, इरशाद, अनवार, राजू बादशाह, मौ. नौशाद मौजूद रहे।

# शानरेज व कनिष्का के मॉडल को मिली सराहना

## संविलियन विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के संविलियन विद्यालय में विकसित भारत बिल्डथन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की।

छात्रा अलीना एवं राबिया द्वारा तिलक एवं पुष्प पंखुड़ियों से अतिथियों का स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता व राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका रेखा रानी के साथ ही मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कक्षाओं का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया। ब्लॉक प्रमुख ने शिक्षिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की, साथ ही साथ स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर



बनाने पर जोर दिया गया। कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना तभी साकार होगा, जब हम आत्मनिर्भर होंगे। इस अवसर पर उन्होंने बिल्डथन 2025 में शिक्षकों द्वारा बनी टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल्स भी देखे और उन्हें सराहा। शानेरजा ने ड्रिप सिंचाई और कनिष्का ने वायो गैस प्लांट का प्रस्तुति करण किया गया। समीर व अलीशा द्वारा भी मॉडल तैयार किए गए। इस अवसर पर रणवीर यादव, कर्मवीर, सचिन, आकांक्षा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाकियू युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

## किसानों से किया एकजुटता का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भाकियू युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का नगर में जोरदार स्वागत किया गया। लता आई हॉस्पिल के डायरेक्टर डॉ0प्रदीप कुमार ने उन्हें बग्घी पर बैठाया और अपने हॉस्पिटल पर ले गए, जहां पर उन्होंने हॉस्पिटल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए गौरव टिकैत ने कहा कि किसान एकजुट रहें और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ें। उन्होंने डॉ. प्रदीप कुमार को नए हॉस्पिटल के लिए बधाई दी, कहा कि अब नेत्र रोगियों को बड़े शहरों की ओर रुख करने की जरूरत नहीं है। डॉ.प्रदीप कुमार ने गौरव टिकैत को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। यहां के बाद गौरव टिकैत सलारपुर गांव में जितेन्द्र सिंह के आवास पर गृह प्रवेश के कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पर गृहस्वामी व ग्रामीणों ने



उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाकियू ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह, युवा जिलाध्यक्ष मोहन सिंह बेनीवाल, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, हर्षित गिल, राहुल चौधरी, मनोज धारीवाल, नितिन धारीवाल, राहुल धारीवाल, कुशाल चौधरी, रोहित सिंह, अरुण चौधरी, मिंटू सिंह, बलराम सिंह, राजीव चौधरी, गुरविंदर, मनी चौधरी आदि मौजूद रहे।

## अकेले दम पर पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुहैलदेव पार्टी के संगठन मंत्री डा. दयाराम भार्गव ने कहा कि पार्टी द्वारा पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ा जायेगा। मान सरोवर कालोनी स्थित कार्यालय पर सुहैलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई। जिसमें संगठन मंत्री डा. दयाराम भार्गव ने कहा कि जनता का विश्वास ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत बंजारा ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के अन्तिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। बैठक में दीपक चौहान, सीपी लक्खा, राजपाल गुर्जर, विनय भारद्वार, लवी चौधरी, युसुफ सैफी, अतीकुर्रहमान, मोहम्मद नाजिर, युसुफ सैफी, जितेन्द्र राणा, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# संतानों की खुशहाली को माताओं ने रखा अहोई अष्टमी का व्रत



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** संतानों की दीर्घायु व खुशहाली की कामना के लिए नगर क्षेत्र में अहोई अष्टमी का पर्व आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। वहीं अनेक महिलाओं ने संतान प्राप्ति की कामना के लिए भी वृत रखा और अहोई माता की पूजा अर्चना की।

**चांदी की दुकानों से खरीदे गई स्याहू मालाएं**

बता दें कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को यह व्रत किया जाता है जोकि करवा चौथ के चार दिन बाद मनाया जाता है। गजरौला व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र और उनके बेहतर स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना के लिए व्रत रखा। महिलाओं ने सुबह से ही पर्व की तैयारी की। इस दौरान महिलाओं से अहोई अष्टमी की कहानी भी सुनी। अहोई अष्टमी को लेकर बाजारों में भी खूब चहल पहल बढ़ी रही। चांदी की दुकानों से महिलाओं ने स्याहू लॉकेट (माला) आदि खरीदे।

स्याहू लॉकेट को महिलाएं अहोई अष्टमी की पूजा अर्चना के समय अपने गले में धारण करती हैं और दीपावली तक पहने रखती हैं। मान्यता है कि इस लॉकेट को पहनने से संतान को दीर्घायु और स्मृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

## ताईक्वांडो एक्सपर्ट अकबर उद्दीन सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत हाशमी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, ताइक्वांडो एक्सपर्टश्री अकबर उद्दीन को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधक द्वारा उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। डॉ. हाशमी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। यह युग लड़कियों का युग है।उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए आगे कहा कि यदि संकल्प और आत्मविश्वास मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलसुम, समस्त स्टॉफ, छात्राएँ मौजूद रहे।

## आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** त्योहारों को डिडौली कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि त्यौहार हमें भाईचारे का पैगाम देते हैं। इसलिए इन्हें शांति से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई संदिग्ध दिखता है तो इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर खास नजर रखी जा रही है। दीपावली पर कोई ऐसा काम न करें जिससे दूसरे समुदाय को परेशानी है। बैठक में एसआई कमल सिंह, प्रधान मोहित, हरकेश प्रधान, इनाम. ल, रामौतार सैनी, पोपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## माताओं ने की संतानों की मंगल कामना

**मंडी धनौरा।** संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को समर्पित अहोई अष्टमी का पर्व सोमवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम व आस्था के साथ मनाया गया। माताओं ने सूर्योदय से पूर्व संकल्प लेकर निर्जला व्रत रखा और शाम को अहोई माता की पूजा-अर्चना कर संतानों के मंगल की मन्नतें मांगी। परंपरा के अनुरूप घरों की दीवारों या पूजास्थल पर अहोई माता का चित्र या कैलेंडर स्थापित कर, सेई और उसके बच्चों के चित्रों के साथ विधिपूर्वक पूजन किया गया। महिलाओं ने कथा सुनकर, घर में बने पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया और तारा व चंद्रदर्शन के बाद व्रत खोला। पुरानी रीति के अनुसार गेरू-खड़िया से दीवारों पर आकृतियाँ उकेरने की परंपरा अब पोस्टर और कैलेंडरों में बदल गई है, लेकिन भावनाएं आज भी उतनी ही गहरी हैं। करवाचौथ के बाद यह दूसरा पर्व है जब माताएं अपनी संतान की खुशहाली के लिए उपवास रखती हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित करता हूं कि सुलेमान पुत्र अब्दुल अजीज ने अपने मकान स्थित मौहल्ला ईदगाह नगर तहसील व जिला अमरोहा को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिसमें संबंधित प्रथम मूल विक्रय पत्र दिनांक 31/10/2014 नही संख्या। जिल्द संख्या 7116 पेज 121/146 क्रमांक 20199 जो फहीम अहमद पुत्र हाजी जरीफ अहमद ने नन्ही पत्नी रईस अहमद के पक्ष में निष्पादित किया था और जिसमें संबंधित द्वितीय मूल विक्रय पत्र दिनांक 10/12/2014 वही संख्या। जिल्द संख्या 7198 पेज 341/362 क्रमांक 22665 जो यासमीन कौसर पत्नी फहीम अहमद ने असरफ अली पुत्र इसरार उल्ला के पक्ष में निष्पादित किया था और जिसमें संबंधित तृतीय मूल विक्रय पत्र दिनांक 02/02/2012 वही संख्या। जिल्द संख्या 5220 पेज 31/52 क्रमांक 1850 जो फरजाना बेगम उर्फ गुड्डो पत्नी अनवर हुसैन उर्फ मन्ना ने यासमीन कौसर पुत्री अलाउद्दीन के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। राजीव चौधरी एडवोकेट, विधिक सलाहकार चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी चैंबर नम्बर 88/सी कचहरी परिसर मुरादाबाद, मोबाइल नंबर 921953872


# बच्चों को साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस टीम ने देहात क्षेत्र के शिवलोक कॉलोनी में स्थित विजय लाइब्रेरी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, बाल सुरक्षा और साइबर जागरूकता के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना देहात की पुलिस टीम ने सोमवार को देहात क्षेत्र के शिवलोक कॉलोनी में स्थित विजय लाइब्रेरी में बच्चों के बीच पहुंचकर साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं उप निरीक्षक मनीषा चाहर, रश्मि, उप निरीक्षक नकुल चौहान व सनी सिंह मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को बताया कि इंटरनेट का सही और सुरक्षित उपयोग कैसे करें और किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि वे साइबर अपराधियों के जाल में न फँसें। बच्चों को समझाया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से बात न करें, अपनी निजी जानकारी, फोटो या बैंक से जुड़ी डिटेल किसी के साथ साझा न करें। पुलिस टीम ने उन्हें बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। महिला उपनिरीक्षकों ने मिशन शक्ति अभियान की भावना को समझाते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध पर नियंत्रण नहीं बल्कि समाज को जागरूक बनाना भी है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने परिवार और दोस्तों को भी इन बातों से अवगत कराएं ताकि हर कोई साइबर सुरक्षित रह सके। विजय लाइब्रेरी में उपस्थित अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने थाना देहात पुलिस की इस पहल की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह के अभियान बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।



# बंद फैक्ट्री से ट्रांसफार्मर सामान समेत बड़ी चोरी, पुलिस जुटी जांच में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक बंद चादर फैक्ट्री से अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर का कीमती सामान चुरा लिया। यह घटना हाईवे-9 के पिलर नंबर 17-18 के समीप स्थित फैक्ट्री में अंजाम दी गई, जहाँ चोरों ने चारों गेटों के ताले तोड़कर अंदर से सामान ले गए।

फैक्ट्री मालिक राजेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि फैक्ट्री लगभग पाँच वर्षों से बंद चल रही थी, हालाँकि उनका नियमित तौर पर आना-जाना लगा रहता था। रविवार सुबह जब वे फैक्ट्री पहुँचे तो गेटों के टूटे ताले और गायब सामान देखकर हैरान रह गए। फैक्ट्री के लंबे समय से बंद रहने के कारण चोरी हुए सामान की सही कीमत और मात्रा का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जाँच शुरू कर दी। सीओ अनीता चौहान के मुताबिक, आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जाँच की जा रही है और चोरी का पर्दाफाश करने के लिए एक विशेष टीम गठित कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## इंटरनेट मीडिया पर छाया आतंक का वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के कास्तला कासमाबाद क्षेत्र में एक युवक द्वारा तमंचा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। इस वीडियो में युवक को एक गली में हाथ में हथियार लिए खड़े देखा जा सकता है, जो फोन पर बात करने के साथ-साथ आसपास के लोगों को अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए दिख रहा है। इस वीडियो के प्रसारण के बाद से ही क्षेत्र के निवासियों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह वीडियो पुराना है और इसमें दिख रहा युवक नशे की स्थिति में था। वीडियो में आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। सीओ अनीता चौहान ने स्पष्ट किया कि वीडियो की सत्यता और स्थान की पुष्टि होने के बाद शस्त्र अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह वीडियो क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है और पुलिस संबंधित युवक की पहचान करने में जुटी हुई है।

# बकायादारों की कर्ज अदा न करने पर भूमि हुई कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बिसौली का कर्ज अदा न करने पर नायब तहसील एवं बैंक मैनेजर अंबुज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा बकायेदारों की भूमि कुर्क कर ली गई। बैंक एवं तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से बड़े बकायेदारों में हड़कंप मचा रहा। तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर जगमन निवासी करूपाल पर लगभग सात लाख रुपए एवं उजियारी लाल पर लगभग पांच लाख रुपए बकायादारों की भूमि कुर्क कर ली गई। शाखा प्रबंधक श्री शुक्ला ने बताया की इन लोगों के पास तमाम बार नोटिस भेजा गया साथ ही बैंक कर्मियों द्वारा अनेक प्रयास भी



किए गए परंतु इन्होंने बैंक का ऋण जमा नहीं किया। इस दौरान कानूनगो बलवीर सिंह, संग्रह अमीन अनिल कुमार, कुंवरपाल सिंह, विकास यादव, दिनेश कुमार सिंह, कौशल कुमार, लोकेश कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन कार्य में आधार कार्ड के अंतिम 04 अंक भी करें अंकित


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी (प्र0)/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अरूण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत निर्वाचन नामावली 2021 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम की बीएलओ के माध्यम से सत्यापन कराये जाने के उपरान्त उन्हें उनके वास्तविक निवास स्थान पर बने रहने के लिए एवं यथावश्यक नियमानुसार विलोपित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पूर्व में बीएलओ को डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद के विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर समान रूप से प्रदर्शित हो रहे है ।

तो ऐसी दशा में निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के समय सत्यापनोपरान्त, सामान्य रूप से निवास करने वाले ग्राम पंचायत में उस मतदाता का नाम रखते हुए अन्य ग्राम पंचायत से नियमानुसार विलोपित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि किसी विकास खण्ड में ऐसे व्यक्ति जिनका नाम, पिता/ पति/ माता का नाम एवं लिंग समान है तथा वे सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये हैं ।

तो प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अंतिम 04 अंक भी बीएलओ द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन में उनका नाम अपमार्जित (डिलीट) न हो। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं के सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये मतदाताओं को प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अन्तिम 04 अंक भी बीएलओ द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन में उनका नाम अपमार्जित न हो। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायतों के ऐसे मतदाता जिनका नाम डुप्लीकेट सूची में है, वह बीएलओ को अपने आधार कार्ड के अन्तिम 04 अंक अवश्य उपलब्ध करा दें, अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम होने पर, अपमार्जित कर दिया जायेगा।

# रोडवेज बस ने बाइक सवार, मारी टक्कर ,मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना कादरचौक क्षेत्र के नूरपुर गांव के रहने वाले 27 वर्षीय हारून पुत्र याकूब उर्फ छोटे व 16 वर्षीय नन्हे बाबू पुत्र होशियार बेग निवासी उल्लिया बेहटा थाना बिल्सी एक बाइक पर सवार होकर नूरपुर गांव से वीडियो कैसेट लेने उल्लिया बेहटा गांव जा रहे थे। कि थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के छुईया मंदिर के निकट सोमवार 3:00 बजे के आसपास रोडवेज बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें हारून व नन्हे बाबू की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया हारून की अभी 10 दिन पहले ही गौरामई से शादी हुई थी। जिसकी वह वीडियो कैसेट लेने जा रहे थे।

# दिसौली गंज में कुंभकर्ण वध की दिव्य लीला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आदर्श रामलीला कमेटी, दिसौली गंज के मंच पर रविवार रात्रि मेघनाद वध, सुलोचना सती एवं कुंभकर्ण वध की दिव्य लीला का भव्य मंचन किया गया। मंच पर कलाकारों के जीवंत अभिनय, संवादों और भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को भक्ति और भावनाओं के सागर में डुबो दिया। राम की भूमिका में रामानंद तिवारी ने अपनी शांत, मर्यादित और करुणामयी शैली से भगवान श्रीराम के आदर्श स्वरूप को जीवंत कर दिया। लक्ष्मण की भूमिका में अन्नू सिंह ने वीरता और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन किया। मेघनाद बने त्रिभुवन शाह ने अपनी दमदार आवाज और प्रभावशाली अभिनय से रावण पुत्र के पराक्रम को सजीव कर दिखाया। सुलोचना के रूप में राजू ने भावुक संवादों के साथ पतिव्रता नारी का चरित्र अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निभाया। वहीं कुंभकर्ण की भूमिका में गिरीश गुप्ता ने अपने संवाद और अभिव्यक्ति से मंच पर गूंज पैदा कर दी। पूरी रामलीला भक्तिरस, संगीत और मंच सज्जा से अलंकृत रही। दर्शक "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठे और कलाकारों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। मंच संचालन और व्यवस्था में आयोजन मंडल के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# धूं-धूं कर जला रावण का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती थाना क्षेत्र कस्बा खितौरा में चल रहा है श्री रामल. ीला महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को रावण वध की लीला का आयोजन किया गया।अयोध्या से आए कलाकारों द्वारा राम रावण युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। इसके बाद रविवार बाजार के मैदान में रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। इस दौरान वातावरण जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ जुटी।खितौरा में रामलीला ग्राउंड में सोमवार को रावण जे पुतला के दहन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रावण बध की लीला का आनंद लिए वहीबड़ी संख्या में लोगों ने मेले जमकर खरीदारी की। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला ग्राउंड में सोमवार को राम रावण युद्ध के मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

श्री राम रावण के युद्ध के मंचन साथ श्री राम ने रावण के पुतले में अग्नि बाण मारकर दहन कर दिया। रावण दहन का लोगों ने आनंद लिया। पुतला दहन के बाद रावण की अस्थियां लूटने के लिए ग्रामीणों की भीड़ दौड़ पड़ी।इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से उघैती की थाना प्रभारी अवधेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। रामलीला में मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध का मंचन किया गया।इसके अलावा सुला. ेचना सती के नाटक का सटीक मंचन भी हुआ इसको देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे।

इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष रूप किशोर गुप्ता, प्रदीप कुमार दीपू,महाराज सिंह, कुलदीप राणा,सुनील राणा, योगेश गिरी, नितिन कुमार, रवि शंकर भारद्वाज, बलराम पाठक, अमन ठाकुर, रानू सिंह,वंश गुप्ता,तेजेन्द्र सोलंकी, अंकुश कुमार ,सत्येंद्र सिंह सहित पूरी रामलीला कमेटी मौजूद रही।

# त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी बदायूँ के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)सी0एल0 यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन/नेतृत्व में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में सोमवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 04 खाद्य पदार्थो के नमूनों वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यवाही किये गये प्रतिष्ठानों का विवरण निम्नवत् है:-1-उझानी स्थित गुरू नानक ऑयल मिल से एक सरसों तेल का नमूना तथा शेष लगभग 200 कि0ग्रा0 सरसों तेल (अनुमानित मूल्य 33000/-) को नियमानुसार सीज किया गया। 2-गोपी चौक स्थित राजू के प्रतिष्ठान से एक मूंग की दाल का नमूना। 3-आवास विकास बदायूँ स्थित शंकर किराना स्टोर से एक सरसों तेल का नमूना। 4-उझानी स्थित संध्या किराना स्टोर से एक हल्दी पाउडर का नमूना तथा 30 कि0ग्रा0 हल्दी पाउडर (अनुमानित मूल्य 6000/-) को नियमानुसार सीज किया गया। उक्त संग्रहित किए गए कुल 04 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-सस, सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण माता शंकर बिन्द, प्रिया त्रिपाठी, करन सिंह एवं प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# बैंक मित्रों की मीटिंग में लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद बदायूं के बैंक मित्र संचाल. कों ने एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें विशेष मुद्दों पर चर्चा की गई। मीटिंग में बरेली मंडल के जनपदों से बैंक मित्र साथी उपस्थित रहे। वजीरगंज में आयोजित मीटिंग में बरेली मंडल एवं मुरादाबाद मंडल के बैंक मित्रों ने अपनी-अपनी समस्याओं को मीटिंग में रखा। उन्होंने तमाम परेशानियों को देखते हुए समस्त बैंक मित्र संचालकों ने मीटिंग में अहम निर्णय लिया, कि ष्हम अपने हक की लड़ाई के लिए ऐसे आगे नहीं आ सकते जिसके लिए सभी बैंक मित्र साथियों को एक ट्रेड यूनियन का रजिस्ट्रेशन करा कर उसके बैनर तले काम करना होगा, जिसमें सभी बैंक मित्र साथी जुड़कर अपनी हक की आवाज उठा सकते है तथा अपनी न्याय की लड़ाई को लड़ सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि हम अपने हक की लड़ाई के लिए ट्रेड यूनियन का गठन करेंगे। हमें अपना हक नहीं छोड़ता है, चाहे हमें अपने हक के लिए कुछ भी करना पड़े करेंगे। मीटिंग मे पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदा सहित अन्य बैंको के बैंक मित्र उपस्थित रहे।

# वन्य जीव प्राणी सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** क्षेत्र के गांव रियोनाई में रियोनाई खितौरा रोड पर श्री कालसेन बाबा मंदिर के सामने स्थित श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे ।

वन्य जीव प्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया जिसमें वन विभाग की तरफ से शिवम शंखधार को कार्यक्रम के लिए नामित किया गया शिवम शंखधार ने सभी बच्चों को वन्य जीव प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा इसलिए चलाया जाता है जिसमें कि आपको वन्य जीवों और जानवरों के बारे में अवगत कराया जाता है और आपको उनके सरंक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है शिवम शंखधार ने बताया कि हमारा कर्तव्य बनता है कि हम वन्य जीवों और प्राणियों का संरक्षण करें इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन महेश चन्द्र सक्सेना , डायरेक्टर शेखर सक्सेना,एम डी आशीष सक्सेना प्रधानाचार्या शिल्पी सक्सेना ,वाइस प्रिंसिपल ओमकिशन शर्मा , एडमिनिस्ट्रेटर जे पी सिंह दिनेश माथुर प्री प्राइमरी कॉर्डिनेटर अम्बिका,प्राइमरी कॉर्डिनेटर उमेश गुप्ता ,जूनियर कॉर्डिनेटर चेतन वार्ष्णेय,गौरव श्रीवास्तव,पूजा ,अंशिका राठौर अंजली राठौर सदफ सिद्धार्थ, कमल अनवी सक्सेना,सारांश सक्सेना,सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सोई आश्रम का श्रीराम कथा का द्वितीय दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री श्री 1008 विदेहनदिनी शरण महाराज सोई आश्रम की असीम कृपा से चल रहे सात दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस की कथा भक्तिरस से ओतप्रोत रही। कथा व्यास पूज्य पं. राधेश्याम जी महाराज (सतना, मध्यप्रदेश) ने वाल्मीकि रामायण के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रोताओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। उन्होंने व्यथित क्रौंच पक्षी प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया यही प्रसंग रामायण की रचना का आधार बना। तत्पश्चात पूज्य महाराज ने सती चरित्र का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भगवान शिव माता पार्वती को कथा सुनाने के लिए कैलाश पर्वत से तीर्थराज प्रयाग स्थित महाराज भारद्वाज आश्रम पहुंचे, जहाँ भगवान शिव ने स्वयं श्रीराम कथा का श्रवण किया। कथा का आयोजन महंत फुलबाबा के निर्देशन में आयोजन मंडल द्वारा कराया जा



रहा है। कथा स्थल पर सायंकालीन मंगला आरती के पश्चात रामकथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें जय श्रीराम और हनुमानजी महाराज की जय के गगनभेदी जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिरस से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर यजमानों के रूप में भगवान सिंह चौहान व पूनम कुमारी चौहान, मनोज कुमार शर्मा व सुनीता देवी, अशोक कुमार सिंह व ममता चौधरी, विनय कुमार मिश्रा व लक्ष्मी देवी, पप्पू शर्मा व रीमा शर्मा, पुष्कर सिंह व इंदु सिंह, तथा भोलानाथ पथिक (विनोद) व सीता पांडेय के साथ विनोद पचौरी, जेई मनोज यादव, एडवोकेट मनोज शंखधार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगणों ने भाग लिया।

## एक नजर

### अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस धारक नियत स्थान पर ही करें आतिशबाजी का विक्रय : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के अवसर पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे अनुज्ञापी जिनको अस्थाई आतिशबा. जी के लाइसेंस निर्गत किये जायेंगे उनके लिए उपयुक्त स्थान व स्थल चिन्हित करते हुये यह सुनिश्चित करें कि आतिशबाजी का विक्रय चिन्हित स्थान पर ही अस्थाई रूप से निर्गत आतिशबाजी लाइसेंस धारक. ों द्वारा ही किया जाये, यदि चिन्हित स्थान के अतिरिक्त आतिशबाजी का विक्रय पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### बुधवार को आएंगी महिला आयोग सदस्य, करेंगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे जनपद बदायूँ में मा0 सदस्य उ0प्र0, राज्य महिला आयोग लखनऊ अवनी सिंह द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग बदायूँ के गेस्ट हाउस में की जाएगी तथा अपरान्हन 01 बजे से ब्लाक उझानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई / पोषण पंचायत कार्यक्रम में समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** आसफपुर स्थानीय राजकीय कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर यहां प्रभारी मुकेश कुमार मिश्रा ,विमल कांत पाठक , अफजल व सोनू आदि कृषि विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार मिश्रा ने गोष्ठी में उपस्थित किसानों को सरसों मिनी किट , उड़द प्रदर्शन , कलस्टर फील्ड गोष्ठी व किसानों को अपने खेत में पराली को गलाकर खाद बनाने का सुझाव दिया । इस अवसर पर स्थानीय व क्षेत्रीय किसान राजवीर यादव ,राजेश यादव , जागन सिंह ,



बदन सिंह , राकेश यादव , मुरारी लाल यादव , रामकुमार , राजेंद्र सिंह , देवेंद्र प्रताप सिंह , राधा कृष्ण आदि सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे । कार्यक्रम समापन के अवसर पर गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार मिश्रा ने किसान गोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषक भाइयों को सूक्ष्म जलपान करवाकर सबका आभार व्यक्त किया ।यह किसान गोष्ठी कार्यक्रम सोमवार को स्थानीय राजकीय कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर आयोजित किया गया । यह जानकारी गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार मिश्रा ने दी ।

# युवक व महिला मंगल दलों को हुआ खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ के जुपिटर हाल में ग्राम पंचायतों में गठित युवक एवं महिला मंगल दलों को उपलब्ध कराए जाने वाली खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण एवं माव सांसद खेल स्पर्धा व माव विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन का शुभारंभ किया। जनपद में कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग एनआईसी सभागार बदायूं में कराई गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्र के युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल सदस्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने ग्राम पंचायत खुनक विकास खंड जगत की महिला



मंगल दल अध्यक्ष फरीन बी, आदि युवक मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया । कार्यक्रम में लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी हरिप्रेम, जिला क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व अन्य अधिकारीगण व युवक व महिला मंगल दल सदस्य मौजूद रहे।

# इस्लामनगर के डॉ. मोहम्मद बिलाल खान जामिया मिल्लिया इस्लामिया में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** इस्लामनगर के डॉ. मोहम्मद बिलाल खान को दिल्ली के प्रतिष्ठित जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नैनोसाइंस एवं नैनोटेक्नोलॉजी केन्द्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. मोहम्मद बिलाल खान के ताऊजी, हाफिज अजीजुद्दीज खान, इस्लामनगर, बदायूं की जामा मस्जिद के शहर इमाम हैं। उनके पिता, स्वर्गीय नईमउद्दीन खान, ने इस्लामनगर



में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस पारिवारिक परंपरा से डॉ. खान में शिक्षा और समाज सेवा की भावना विकसित हुई। डॉ. मोहम्मद बिलाल खान ने अपनी पीएच.डी. और उसके पश्चात् कार्यकाल में ऑर्गेनिक अर्धचालक पदार्थों, सोलर सेल एवं एल ई डी के क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुसंधान किया है। साथ ही वे कृषि अपशिष्ट से बायोकोल निर्माण पर भी कार्य कर रहे हैं। यह अनुसंधान भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (क्मचंतजउमदज वर्ँ बपमदबम दक ज्मबीदवसवहल) तथा विद्युत मंत्रालय (डपदपेजतल वर्ँ च्वूमत) द्वारा प्रायोजित अनेक-करोड़ रुपये की परियोजना का अंग है। बायोकोल मुख्यत: पराली, भूसा आदि से तैयार किया जाता है और यह थर्मल विद्युत संयंत्रों में कोयले की खपत को घटाने में सहायक सिद्ध होगा, जिससे किसानों और ऊर्जा क्षेत्र दोनों को लाभ होगा। इस नियुक्ति से पूर्व डॉ. मोहम्मद बिलाल खान जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एप्लाइड साइंस विभाग में साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत थे। उन्हें वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (बैप्ट) की प्रतिष्ठित सीनियर रिसर्च फेलोशिप एवं रिसर्च एसोसिएटशिप भी प्राप्त हुई है। डॉ. खान के अब तक के अकादमिक कार्यकाल में 20 से अधिक शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रका. शित हो चुके हैं तथा 8 अध्याय अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की पुस्तकों में सम्मिलित किए गए हैं। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके योगदान के साथ-साथ, डॉ. मोहम्मद बिलाल खान मुखर राष्ट्रवादी भी हैं और सामा. जिक व शैक्षिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। इस उपलब्धि से इस्लामनगर और बदायूं में प्रसन्नता का वातावरण व्याप्त है।

# दातागंज बीए की छात्रा अंजलि सिंह बनी एक दिन के लिए सीओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** दातागंज तहसील क्षेत्र के राम पाल सिंह सत्यवती देवी मेमोरियल महाविद्यालय दातागंज बदायूं में अध्ययनरत बी.ए की छात्रा अंजलि को एक दिन को पुलिस क्षेत्राधिकारी दातागंज का चार्ज सौंपा गया. अंजलि ने कहा, वह आगे यूपीएससी की तैयारी कर आईपीएस बनना चाहती हैं।सपनों को हकीकत में बदलने की दिशा में जब कोई कदम उठता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन जाता है. ऐसा ही नजारा बदायूं के दातागंज कॉलेज की बी ए की छात्रा अंजलि सिंह के साथ देखने को मिला. दिन सोमवार को एक दिन के लिए दातागंज क्षेत्राधिकारी (सीओ) का चार्ज सौंपा गया. इस मौके ने अंजलि सिंह को हमेशा के लिए आईपीएस बनने की प्रेरणा भी दे दी, पहले ही दिन अंजलि सिंह ने कानून को समझने के लिए महिलाओं को ही चेतावनी दे दी. अंजलि सिंह का कहना था महिलाओं को सशक्त होना है तो झूठे मुकदमे लगाना बंद करना पड़ेगा. इससे जो पीड़ित महिलाएं उनको न्याय मिलेगा जिससे महिलाएं सशक्त बनेगी.महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दअरसल, यूपी में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से चलाए जा रहे अभियान को धरातल पर उतारने के लिए बदायूं पुलिस भी प्रयासरत नजर आ रही है. दातागंज पुलिस



क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार तिवारी की ओर से एक दिन का पुलिस अधिकारी बनाने की पहल की गई . इसका उद्देश्य छात्रोंओ में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिस सेवा के प्रति आकर्षण पैदा हो सके.इस कार्यक्रम के तहत दातागंज तहसील क्षेत्र के राम पाल सिंह सत्यवती देवी मेमोरियल महाविद्यालय दातागंज बदायूं की छात्रा अंजलि सिंह को नामित किया गया. इसके बाद दातागंज सीओ कृष्ण कुमार तिवारी ने अपना चार्ज अंजलि सिंह को सौंपा. जब अंजलि सिंह ने औपचारिक रूप से एक दिन का पदभार संभाला तो दातागंज सीओ कृष्ण कुमार तिवारी सहित इंस्पेक्टर दातागंज गौरव बिश्नोई सिंह समस्त सीओ कार्यालय के पुलिसकर्मियों ने अंजलि सिंह का स्वागत किया. अंजलि सिंह चार्ज संभालते ही पुलिस क्षेत्राधिकार की कार्य प्रणाली को समझती दिखी , उन्होंने एफ आई आर दर्ज व उसके पर्चे, अपराध रजिस्टर , महिला सशक्तिकरण रजिस्टर, आइजीआरएस सहित दो फरियादियों की समस्या का निस्तारण कराया और तत्काल इंस्पेक्टर दातागंज को निर्देशित किया। साथ ही अंजलि सिंह ने दातागंज सीओ कार्यालय की हर एक कार्यशैली को समझा। हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता करने पर अंजलि सिंह ने कहा कि आज जो मुझको दातागंज सीओ बनाया गया है, मैं देश की जनता की सेवा करूंगी, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, मै सरकार को और एक अच्छे पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार तिवारी को धन्यवाद देती हूं आभार प्रकट करती हूं, आज सी ओ बनकर मैंने कार्यालय पर आए दो फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण भी किया। मैं रामपाल सिंह सत्यवती देवी मेमोरियल महाविद्यालय दातागंज बदायूं से आई हूं बी ए थर्ड ईयर की छात्रा हूं मैं आगे यूपीएससी की तैयारी करूंगी और आईपीएस बनूंगी, नारी शक्ति को मजबूत करना है, उनके समस्या का समाधान करना है। मैंने आज अच्छे से पुलिस की कार्यशैली को समझा है, मै बहुत ही खुश हूँ। वही उत्तर प्रदेश शासन से एक योजना चल रही है हमारे पुलिस विभाग अधिकारी के निर्देशिन मे जिसमें महिला शक्ति करण द्वारा महिलाओं के अधिकारियों के बारे में उनका जानकारी देना उन्हें सशक्त बनाना साइबर क्राइम के बारे में उनका जानकारी देना गवर्नमेंट द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देना महिलाओं को खुद में मजबूत करना समाज में आगे बढ़ना। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी पुलिस सेवा में लगातार बढ़ रही है और समाज को उनकी जरूरत है. वहीं अंजलि सिंह ने यह भी बताया कि वह अपने कॉलेज के समय से ही अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को महत्व देती आई है. उसकी पढ़ाई में रुचि के साथ-साथ वह वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, भाषण और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती है. यही वजह है कि उसे इस सम्मान के लिए चुना गया.आज बच्चों को जिम्मेदारी का अनुभव दिलाना जरूरी है. पुलिस सेवा सिर्फ वर्दी पहनने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में न्याय और कानून व्यवस्था बनाए रखने का गंभीर दायित्व है। अंजलि जैसी बच्चियां जब इस दिशा में रुचि लेती हैं, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

# रक्तदाताओं का दान थैलीसीमिया के मरीजों को समर्पित: जिंदल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष श्री एच एन द्विवेदी इंटर कालेज हाफिजगंज में रक्तदान शिविर लगाया गया।

जिसमें कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया। जाँच के बाद ब्लड में हीमोग्लोबिन कम होने के चलते आधा दर्जन से अधिक रक्तदाताओं को मायूस होना पड़ा। शिविर का उद्घाटन विधायक डॉ. एमपी आर्य व वरिष्ठ भाजपा नेता चिकित्सक आशुतोष गंगवार संजीव जिंदल (साईकिल बाबा) ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ववलित करके व रक्तदाताओं से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया।

शिविर प्रमुख संजीव जिंदल (साईकिल बाबा) ने बताया कि प्रतिवर्ष शि. विर लगाकर रक्तदाताओं से रक्तदान प्राप्त कर थैलीसीमिया के मरीजों को दिया जाता है। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी उपलब्ध कराया जाता है।

शिविर में मंडल अध्यक्ष भाजपा राजीव गंगवार, नजमी जैदी, अभिषेक द्विवेदी, संदीप सिंह, दीपराज सिंह, महेन्द्र कुमार, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, अनुराग वर्मा आदि व्यवस्थापिका उषा द्विवेदी व प्रबंधक अभिषेक द्विवेदी ने सभी का आभार जताया।


# भतीजे ने चुकाया मौलाना तौकीर रजा का बैंक कर्ज

**बरेली बवाल के बाद खुली थी 35 साल पुरानी फाइल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर में बवाल के मामले में आरोपी मौलाना तौकीर रजा का बैंक कर्ज उसके भतीजे ने चुका दिया। तौकीर ने बदायूं की सहकारी बैंक से साल 1990 में कर्ज लिया था। बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुराने कर्ज की फाइल खुली। बैंक ने मौलाना के घर पर नोटिस चस्पा किया था।

बरेली में बवाल कराने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा ने बदायूं के जिला सहकारी बैंक का पुराना बकाया कर्ज आखिरकार चुकता कर दिया। सोमवार को उसके भतीजे शहनवाज ने बैंक पहुंचकर कुल 30,522 रुपये की राशि जमा की, जिसके बाद यह बकाया खाता निपट गया।



दरअसल, मूल रूप से जिला बदायूं के गांव करतौली निवासी तौकीर रजा ने वर्ष 1990 में रसूलपुर कुट्टी साधन सहकारी समिति से 5,055.60 का कृषि कर्ज लेकर खाद एवं बीज खरीदे थे। वर्ष 1996 में सरकार ने किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणा की थी, लेकिन मौलाना के खाते में माफी लागू नहीं हुई।

अफसरों के मुताबिक वर्ष 1997 में बैंक जांच में यह कर्ज बकाया पाया गया, जिसपर कई बार वसूली नोटिसें भी जारी की गईं, मगर भुगतान नहीं हुआ। हाल ही में बरेली बवाल प्रकरण में मौलाना तौकीर रजा को जेल भेजा गया। इसके बाद जिला सहकारी बैंक ने पुराने खातों की जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि मौलाना के मूल कर्ज पर 5,055.60 पर ब्याज लगाकर कुल 28,346 का बकाया है। इस पर अतिरिक्त ब्याज जोड़ने के बाद कुल 30,522 रुपये की देनदारी तय हुई। बकाया वसूली के लिए बैंक ने नौ अक्तूबर को मौलाना तौकीर के बरेली स्थित घर पर वसूली नोटिस चस्पा किया था, और 15 दिन की मोहलत दी थी। इस बीच सोमवार को उसके भतीजे ने आकर पूरी राशि जमा कर दी।

## मौलाना के भतीजे ने जमा कराई बकाया राशि

जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरीबाबू भारती ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा के भतीजे सोमवार को जिला मुख्यालय शाखा पर आए थे। इसके बाद उनके द्वारा 30,522 की राशि बैंक की बिनावर शाखा में जमा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मूल रकम 5,055.60 थी, जिसपर ब्याज मिलाकर यह राशि 30,522 बनी। भुगतान के बाद बैंक ने उनको रसीद जारी कर दी है।

## एक नजर

## नवाबगंज के गुलशन नगर से सुंदर लाल लापता



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** ग्राम टांडा सादात के रहने वाले सुंदर लाल आयु पचास वर्ष 5 अक्टूबर को नवाबगंज के निकट गुलशननगर अपना घर बनाने के लिए गांव से निकले थे, अचानक

सुबह 4 बजे वो गुलशननगर से लापता हो गए। परिजनों का कहना है कि वो दिमाग से कमजोर हैं, ज्यादा समझ नहीं रखते। परिवार में उनके 2 बेटे 3 बेटियां व बीवी है। उनकी बेटी शीला जो कि बरेली के आला हजरत सर्जिकल एंड ट्रामा सेंटर में नौकरी करती हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता 5 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से लापता हैं। परिजनों ने ये सूचना नवाबगंज पुलिस को भी दी, लेकिन अभी तक उनके पिता का कोई पता नहीं चला, परिवार के लोग बहुत परेशान हैं। परिवार के लोगों ने उनके पिता को ढूंढकर लाने वाले को उचित देने का वायदा किया है।

## सेंथल के लाल ने फिर किया कमाल, जीता सिल्वर मैडल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** नई दिल्ली के केडी जाधव इंद्रा गांधी इनडोर स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण साई और कोरियन स्पोर्ट्स के अंतर्गत खेली दो हजार पच्चीस इंटर नेशनल कुक्कीवॉन कप प्रतियोगिता में सेंथल के मोहम्मद हैदर ने सिल्वर मैडल जीतकर अपने कस्बे और जिले का नाम रौशन किया है। पूर्व की दो उपलब्धियों में अब यह तीसरी उपलब्धि भी जुड़ गई है। इससे पूर्व लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल इंटर नेशनल यूथ सेंटर हुसैनाबाद में हुई सीनियर स्टेट प्रतियोगिता में मैडल जीत चुके हैं। इसके बाद उनके कॉलेज के सी एम टी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रिठौरा में पुरस्कृत हो चुके हैं। कई प्रतियोगिताओं मैडल जीतने पर वह अपने कस्बे के लाडले बन गए हैं। मोहम्मद हैदर की कामयाबी पर कस्बे में जश्न का माहौल है। बताते चलें कि मोहम्मद हैदर सेंथल नगर पंचायत में सफाई नायक के पद पर कार्यरत रईस हैदर के पुत्र हैं। उनकी कामयाबी पर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू, सभासद अजीम हसन, हरिशंकर, परवाज खान, मुनीश मौर्य, असलम अली गुड्डू, शबाब हसन, ईदुल हक, महबूब इदरीसी, आसिम हुसैन, शाकिर हुसैन, मुमताज हुसैन, अकील अहमद आदि ने मोहम्मद हैदर को मुबारकबाद दी है। इसके अलावा श्री हैदर के कोच राहिल खान ने चमकता हुआ हीरा बताया है।

इधर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शानू ने कहा है कि हैदर हमारे कस्बे की शान है, और हम उन्हें लगातार प्रोत्साहन दे रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि श्री हैदर लगातार तरक्की की सीढ़ियां चढ़ते रहेंगे।

## सुन्दरी की प्रधान पर लगे लाखों रुपये का गोलमाल करने का आरोप, जांच शुरु

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के एक ग्राम सुन्दरी की प्रधान द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों में गड़बड़ी कर लाखों रुपये का गोलमाल कर डाला। ग्रामीणों ने उस पर विकास कार्य के लिए आने वाले धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों से शिकायत की है, जिसपर अब डीएम के निर्देश पर गठित हुई दो सदस्यीय टीम ने इसकी जांच शुरु कर दी है।

भदपुरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुंदरी की सुनीता देवी ग्राम प्रधान है, गांव के रविन्द्रपाल, छविनाथ, महिपाल, अंगनलाल, हरपाल, महेन्द्रपाल, देवेश कुमार का आरोप है कि उनके गांव में विकास कार्यों के लिए आने वाले धन का ग्राम प्रधान और सचिव दुरुपयोग कर रहे हैं। वह गांव में होने वाले विकास कार्यों में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जाता है। इसके साथ ही ग्राम प्रधान और सचिव ने गांव में स्थित अंबेडकर पार्क में इंटरलाकिंग, सौन्दर्यकरण और मिट्टी के भराव के नाम पर रुपए निकाल लिए, लेकिन वहां कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। जबकि अम्बेडकर पार्क की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कराना प्रधान द्वारा दिखा कर भी रुपए निकाल लिए गए हैं, लेकिन अम्बेडकर पार्क की बाउंड्रीवाल का निर्माण और मिट्टी का भराव कार्य वर्ष 2010-2011 में सांसद विकास योजना के अन्तर्गत कराया जा चुका है। इसके साथ ही ग्राम प्रधान ने अपने रिश्तेदारों के खाते में भी ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों के भुगतान करा डाले।

इससे नाराज ग्रामीणों ने बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ ही डीएम से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत भदपुरा व एडीओ पंचायत मझगवां को मामले की जांच सौंपी है। जांच टीम ने गांव पहुंच कर जांच भी शुरु कर दी है। एडीओ भदपुरा रविकांत यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कई बिन्दुओं पर अभी जांच होना बाकी है। जांच पूरी कर वह अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को देंगे। ग्राम प्रधान पति बंटू सागर ने बताया कि गांव में जो भी विकास कार्य कराए गए हैं। उनमें गुणवत्ता का खास ध्यान रखा गया है। ग्रामीणों के सभी आरोप निराधार हैं। जांच में सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

## पटाखों की दुकानों के लिए कई स्थल देखे, बरखन रोड पर दुकानें लगने की संभावना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** जैसे-जैसे दीपावली का पर्व नजदीक आ रहा है, तहसील प्रशासन की पटाखों की दुकानें लगवाने के लिए स्थल के चयन को लेकर खासी दुविधा बढ़ती जा रही है। सोमवार को भी फायर बिग्रेड कर्मियों के साथ नायब तहसीलदार ने राजस्व कर्मियों को साथ लेकर कई स्थानों का निरीक्षण किया।

मालूम हो कि पिछले साल पटाखों की दुकानें बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम गरगईया के पास खाली पड़ी जमीन पर लगी थीं, लेकिन अब उपरोक्त स्थल पर हाईवे का निर्माण होने से यह स्थल समाप्त हो गया है। इससे पहले दीपावली पर्व पर पटाखों की दुकानें सेना के पड़ाव (रामलीला मैदान) में लगती थीं, लेकिन इस बार ग्राम पंचायत ईंधजगीर के प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला ने दीपावली महोत्सव कराए जाने के नाम से 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक की अनुमति मांगी है। पहले दिन तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव और फायर बिग्रेड कर्मियों के साथ क्षेत्र के कई स्थलों को देखा था, लेकिन सेना के पड़ाव के साथ ही उन्हें ए 2 जेड के स्थल ही उपयुक्त नजर आए लेकिन प्रशासन ने किसी का चयन नहीं कर पाया था।

सोमवार को भी नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह ने फायर बिग्रेड कर्मी पुष्पेन्द्र चौहान और राजस्व कर्मियों योगेश कुमार, अर्जुन सिंह के साथ बरखन रोड पर रॉयल सिटी और बरेली पीलीभीत हाईवे पर राजघाट के निकट, के साथ ही ए 2 जेड के सामने पड़े प्लाटों को देखा। नायब तहस. ीलदार दिवाकर सिंह ने बताया उन्हें और फायर बिग्रेड कर्मी को बरखन रोड स्थित रॉयल सिटी का स्थल उपयुक्त लगा है, वह इसकी रिपोर्ट एसडीएम को देंगे। माना जा रहा है कि इस बार पटाखों की दुकानें बरखन रोड पर लगने की संभावना है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सफाई कर्मचारी हड़ताल पर की गई कई गंभीर अनियमितताओं की शिकायत



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए।

इस प्रकरण में राजेश कुमार ने बताया कि अगस्त से कई कर्मचारियों को बिना कारण हटाया गया है जिन्हें तत्काल बहाल किया जाए। छह माह से रुका हुआ वेतन और कर्मचारियों का पीएफ उनके खातों में भेजा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला कर्मचारियों से देर रात तक सफाई कार्य कराया जा रहा है जो नियमों के विरुद्ध है।

कर्मचारियों ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से वर्षों से कार्यरत स्थानीय कर्मियों को हटाकर बाहरी लोगों को पैसे लेकर लगाया गया है। साथ ही कुछ सफाई नायकों पर ड्यूटी के बाद काम कराने और धन उगाही के आरोप लगाए गए।

विमला देवी नामक सफाई कर्मचारी ने बताया कि बीमार होने के बावजूद उन्हें जबरन रिटायरमेंट देने का दबाव बनाया जा रहा है।

सफाई कर्मचारियों ने यह भी कहा कि कुछ सभासदों द्वारा जातिसूचक गालियां दी जाती हैं और अपने अनुसार काम कराने का दबाव बनाया जाता है। साथ ही पीएफ की राशि भी महीनों से जमा नहीं की गई है।

वरिष्ठ कर्मचारियों की वरिष्ठता की अनदेखी कर जूनियरों को सफाई नायक बना दिया गया है जो नगर पंचायत अधिनियम के खिलाफ है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे तथा प्रशासन इसकी पूरी जिम्मेदारी वहन करेगा।

अधिशाषी अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया की धरने पर बैठे सभी कर्मचारियों को 15 तारीख की बोर्ड मीटिंग मे समस्याएं रखी जाएंगी मीटिंग मे जो तय होगा उसके बाद देखा जायेगा फिलहाल धरने को स्थगित करवाया गया है।

# जनता दर्शन के दौरान बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी, डीएम ने भिजवाया अस्पताल

**जनता दर्शन में फरियाद लेकर आया था बुजुर्ग**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कलक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान अचानक एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। यह देख डीएम अविनाश सिंह अपनी सीट से उठकर उनके पास गए और हाल पूछा। डीएम ने एंबुलेंस बुलाकर बुजुर्ग को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया।

बरेली के कलक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसपर डीएम अविनाश सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल एंबुलेंस बुलवाई। बुजुर्ग को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सक के मुताबिक अब बुजुर्ग की हालत में सुधार है। जनता दर्शन के समय तहसील आंवला के गांव करूआताल से बुजुर्ग व्यक्ति शिव लाल अपना चक अलग करने की फरियाद लेकर आए थे। जनता दर्शन के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसपर डीएम अविनाश सिंह ने उन्हें अपने कक्ष में बैठाकर पानी पिलवाया। उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए तत्काल एंबुलेंस बुलवाई। बुजुर्ग को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। डीएम ने उनका समुचित उपचार के निर्देश दिए। साथ ही उनकी समस्या के निदान के लिए प्रकरण को चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## डीएम बोले- फरियादी को न्याय दिलाना प्राथमिकता

डीएम अविनाश सिंह ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को कलक्ट्रेट में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करें, और समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें।

# बरेली में मीट फैक्टरी रहबर फूड पर आयकर का छापा

**तीन गाड़ियों से पहुंचे अफसर, खंगाले दस्तावेज**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आयकर विभाग की टीम ने नरियावल स्थित रहबर फूड मीट फैक्टरी पर छापा मारा, जिससे वहां पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई। सोमवार सुबह करीब छह बजे तीन गाड़ियों से आयकर की 10 सदस्यीय टीम यहां पहुंची और जांच शुरू की।

नरियावल स्थित रहबर फूड मीट फैक्टरी और कार्यालय पर सोमवार को लखनऊ की आयकर टीम टीम ने छापा मारा। देर शाम तक टीमें संभल की मीट कंपनी इंडिया फ्रोजन से कारोबार संबंधी दस्तावेज खंगालती रहीं। छापे में टैक्स भुगतान में गड़बड़ी संबंधित दस्तावेज मिले हैं।

स्थानीय निवसियों के मुताबिक सुबह करीब छह बजे ही तीन वाहनों से दस सदस्यीय टीम फैक्टरी पहुंची। इसमें आयकर अफसरों के साथ फैक्टरी पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। उस दौरान फैक्टरी चल रही थी। फैक्टरी के गेट बंद कराकर सभी कर्मचारियों के फोन जब्त किए। छापा की सूचना से फैक्टरी के चार्टर्ड अकाउंटेंट मौके पर पहुंच गए। फिर दस्तावेजों को खंगालने की कार्रवाई शुरू हुई। किसी को आवागमन की अनुमति नहीं दी।

बताया जाता है कि मीट फैक्टरी रहबर फूड को इंडिया फ्रोजन ने लीज पर ले रखा है। यहां पशु कटान, मांस की पैकेजिंग होती है। फिरोज शेख और कोकब कुरैशी फैक्टरी मालिक बताए जाते हैं। मारिया फ्रोजन फूड्स की पार्टनरशिप है। जिससे फैक्टरी प्रबंधन के फोन घनघनाते रहे।

## बटलर प्लाजा पहुंची टीम, जीएसटी छापा का मचा हल्ला

रहबर फूड फैक्टरी के बाद सुबह नौ बजे बटलर प्लाजा स्थित कार्यालय आयकर टीम पहुंची। बाहर पुलिसकर्मी मौजूद थे। दुकानें खुलने लगीं तो पुलिसकर्मियों को देख चर्चाएं शुरू हुईं। सटीक जानकारी के अभाव में जीएसटी छापा का हल्ला मचा। कारोबारी दुकान खोलने में घबराने लगे। संगठन पदाधिकारियों ने पता किया तो आयकर छापा की जानकारी मिली। उधर टीम ने बढ़ते पूछताछ से पुलिसकर्मी अंदर बुला लिए।

## करोड़ों की टैक्स चोरी की शिकायत पर शुरू हुई जांच

बताया जाता है कि इंडिया फ्रोजन फूड कंपनी का कारोबार करीब हजार करोड़ से ज्यादा है। कंपनी प्रबंधन की ओर से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने की तमाम शिकायतें मिलने के बाद आयकर विभाग सक्रिय हुआ। सुराग जुटाने के बाद प्रकरण सटीक प्रतीत होने पर संभल की कंपनी समेत प्रदेश भर के कई जिलों में ठिकानों पर छापामारी शुरू की। बरेली, लखनऊ, गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा में भी छापा मारा है।

## मारिया फ्रोजन पर कार्य सुचारू रहबर पर पड़ा छापा

मारिया फ्रोजन फर्म के जनसंपर्क अधिकारी ईशान के मुताबिक संभल में इंडिया फ्रोजन कंपनी के कार्यालय समेत इससे जुड़े प्रदेश में संचालित अन्य ठिकानों छापा पड़ा है। रहबर फूड में माल के पैकेजिंग होती है इसलिए टीम बरेली में भी फैक्टरी, कार्यालय पर जांच कर रही है। मारिया फ्रोजन फर्म का इससे सीधा कोई संबंध नहीं है। हमारी फ्रोजन और एग्रो फैक्टरियों में कार्य सुचारू है। रहबर से कोई वास्ता नहीं है।

# सेमीखेड़ा चीनी मिल एजीएम की बैठक स्थागित



**डीएम के निर्देश पर पेराई सत्र की तैयारियां हुई तेज**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा की आज मंगलवार चौदह अक्टूबर को होने वाली वार्षिक सधारण सभा (एजीएम) की बैठक को उप सभापति का स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से निरस्त कर दिया गया है। मिल के उप सभापति सत्यपाल गंगवार ने बताया कि चौदह अक्टूबर मंगलवार को मिल के सभापति डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सधारण सभा (एजीएम) की बैठक प्रस्तावित थी, मगर उनका (उप सभापति) का स्वास्थ्य ठीक न होने पर उन्होंने और संचालन मंडल के सदस्यों द्वारा बैठक को निरस्त करने की मांग मिल के सभापति डीएम अविनाश सिंह से की गई थी, जिसपर उक्त बैठक को निरस्त कर दिया गया है। अभी बैठक की अगली तारिख नहीं लगाई गई है। इस बैठक में चीनी मिल और किसानों के कई अहम मुद्दों पर चर्चा होनी थी। मिल के जीएम किशन लाल ने भी सधारण सभा (एजीएम) निरस्त होने की जानकारी दी है।

उधर रविवार और इससेघ्छ पूर्व डीएम द्वारा चीनी मिल का दौरा कर आगामी गन्ना पेराई सत्र की चल रही तैयारियों पर नरजागी जताने के बाद सोमवार से इसमें थोड़ा तेजी दिखाई दी है।

# विकसित भारत के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने को किया प्रेरित



**बीईओ के निर्देशन में रिछा ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में हुआ आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश कुमार के निर्देशन में विकसित भारत के तहत टीवी पर यूटयूब के जरिए फिल्म दिखाकर आत्मनिर्भर बनने समेत कई बिन्दुओं पर प्रेरित किया गया।

इसमें विकसित भारत में बच्चों का नामांकन हुआ, और यू ट्यूब के जरिए उन्हें आत्मनिर्भर, स्वदेशी, समृद्ध भारत आदि के विषय के बारे में बताया गया। ब्लॉक के आदर्श कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडिया जागीर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन, कन्या क्रमोत्तर देवरनियां में इंचार्ज प्रधानाध्यापक इतरत अली, उच्च प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भावना कटियार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकरनन्दा में मोहित कैथवाल, कंपोजिट डंडिया नगला में इंचार्ज दशरथ सिंह गंगवार की देखरेख में उक्त आयोजन किया गया।

## बार-बार अतिक्रमण की पुनरावृत्ति करने वाले अतिक्रमण कर्ताओं का किया सामान जब्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** नगर निगम बरेली द्वारा सोमवार को अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अतिक्रमण हटाने हेतु अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अन्तर्गत काली बाड़ी से श्यामगंज फल मंडी होते हुये ईसाईयों की पुलिया तक सड़क के दोनों ओर सड़क पटरी पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया, और बार-बार अतिक्रमण की पुन. रावृत्ति करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं का सामान भी जब्त किया गया।

# अपर सर्वे आयुक्त ने एसडीएम को कार्यवाही को लिखा पत्र

**वक्फ बोर्ड भूमि पर कब्जा कर खड़ी की गई दुकानों का मामला**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर पंचायत सेंथल स्थित एक वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति के किराएदार ने वक्फ बोर्ड से बिना अनुमति प्राप्त किए और नगर पंचायत से नक्शा पास कराए बिना ही दुकानों का निर्माण करा डाला। इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने के लिए वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र भी भेजा। लेकिन पांच साल गुजर जाने के बाद भी नगर पंचायत की इस वक्फ भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटवा सकी है। अब एक बार फिर मामले की शिकायत होने पर अपर सर्वे आयुक्त वक्फ ने एसडीएम को पत्र भेजकर कार्यवाही को लिखा है।

नगर पंचायत सेंथल के मुख्य मार्ग पर वक्फ मदरसा मेंहदिया की प्रापर्टी स्थित है। परेवा सादात गांव के भगवान दास के पुत्र वीरपाल का आरोप है कि इस प्रापर्टी के किराएदार ने वक्फ सम्पत्ति पर कब्जा कर अवैध रुप से दुकानों का निर्माण करा लिया है। इस सम्बंध में 23 जनवरी वर्ष 2020 को उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड लखनऊ से वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने नगर पंचायत के ईओ को पत्र भेज कर बिना बोर्ड की अनुमति और बिना नगर पंचायत से नक्शा पास कराए अवैध रुप से वक्फ की भूमि पर दुकानों का निर्माण करा रहे किराएदार आमिर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन के निर्माण को ध्वस्त कराने को कहा था, साथ ही इसे ध्वस्त कराने में आने वाले खर्च को भी उनसे ही वसूलने की बात कही थी।

जिस

पर नगर पंचायत के ईओ ने कब्जेदार को नोटिस जारी कर 15 दिनों में खुद अतिक्रमण हटाने को कहा था। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी अब तक इस भूमि से अवैध कब्जा नहीं हट सका है। जिससे नाराज वीरपाल गंगवार ने डीएम को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने ईओ सेंथल को पत्र भेज अब तक की गयी कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है। इसके साथ ही अपर सर्वे आयुक्त वक्फ ने भी एक पत्र एसडीएम उदित पवार को भेजकर कार्यवाही की अपेक्षा की है। 15 सितम्बर को भेजे गए इस पत्र पर भी अभी तक कोई अमल नहीं हो सका है, जिसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

# सभी गौशालाओं में पर्याप्त हरा चारा आदि व्यवस्था रहे दुरुस्त:डीएम

## जिलाधिकारी ने 29 गौशालाओं के नोडल अधिकारी वार समीक्षा कर दिए सुधार के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जनपद की 29 गौशालाओं की नोडल अधिक. ारीवार समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण के विषय में अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जनपद में कुल 29 गौशालाएं संचा. लित हैं जिनमें 16 ग्रामीण, 04 नगरीय अस्थायी गौ आश्रय स्थल, 05 वृहद गौ संरक्षण केंद्र, और 04 कान्हा गौशालाएं शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गौशालाओं की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, अतिरिक्त शेड, बाउंड्रीवाल, खड़ंजे और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाएं केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि करुणा और सेवा की पहचान हैं। इनके रखरखाव में लाप. रवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में उन्होंने गौशालाओं के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को स्थानांतरित करने, अक्रियाशील सोलर पैनलों को पुन: सक्रिय करने, और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक कुल 456 गौवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने नोडल अधिकारियों के निरीक्षणों में सामने आई कमियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त हरा चारा, स्वच्छ पेयजल, और साफ-सुथरे बाड़े हर समय उपलब्ध रहने चाहिए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी CCTV कैमरे हर समय क्रियाशील रहें ताकि निगरानी में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी तरह की अनियमितता या लापरवाही तुरंत पहचानी जा सके। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में अभिलेखों का रख-रखाव सटीक और अद्यतन होना चाहिए, जिससे प्रत्येक गौवंश का विवरण, स्वास्थ्य स्थिति, चारे आदि का पूरा ब्यौरा दर्ज रहे। उन्होंने यह भी दोहराया कि गौशालाओं में कार्यरत केयर टेकर और अन्य कर्मचारियों का समय से भुगतान अत्यंत आवश्यक है। समय पर पारिश्रमिक न मिलने से उनका मनोबल गिरता है और देखभाल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बीमार पशुओं की स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने चिकित्सकीय टीमों को निर्देशित किया कि किसी भी गौवंश को बीमारी या चोट की स्थिति में तुरंत उपचार मिले, ताकि कोई भी जीव असहाय या उपेक्षित महसूस न करे। उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे गौशाला संबंधी बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और जमीनी स्तर पर निरंतर निगरानी रखें। बैठक में मुख्य मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# भाजपा नेता के घर में घुसकर हमला किया, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया।

गंभीर रूप से घायल प्रशांत चौधरी व उनके परिवार वालों को रविवार रात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले की जानक. ारी फैलते ही भाजपा कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने अस्पताल पहुंच कर प्रशांत चौधरी व उनके माता-पिता का हाल चाल जाना। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, समाजसे. वी आकाश उपाध्याय, युवा नेता जंयत चौधरी, पवन शर्मा आदि ने अस्पताल जाकर भाजपा नेता का हाल जाना।

# जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में दितह्मय ढाका शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराया।

ढिकोली गांव में द्वितीय ढाका शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विक्की नजफगढ़, कमल जयपुर, गगोह सहारनपुर, खुजराहों, रामपुर, तुगाना, सोनीपत, घिटौरा, जावली, साकरौद, पटौली आदि जगहों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उदधाटन एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने किया प्रतियोगिता में जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस मौकें पर बोलते हुए एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने कहा कि बागपत की धरती खेल और खिलाड़ियों के लिए जानी जाती है यहा के युवा देश मे हर जगहा अपना परचम लहरा रहे है। प्रतियोगिता में रमेश, मोहित, बिततर, राहुल, विशेष आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।



# पीड़ित को हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** थाना दोघट के अन्तर्गत गांव गांगनोली पहुँचकर मस्जिद के इमाम मोलाना इब्राहिम की पत्नी दो मासूम बेटियो की निर्मम हत्या की खबर पाकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरी पंवार ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पीड़ित मोल. वी की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर वार्तालाप करायी और शोक सवेदनाए व्यक्त की। हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल के साथ पीडित परिवार से मिले। हृदय विदारक घटना को लेकर परिवार जनो के प्रति दुख प्रकट किया। अपनी सवेदनाए व्यक्त की हिम्मत धैर्य बधाया प्रति. निधि मंडल मे पूर्व पी सी सी देवेन्द्र चौहान रामकुमार मुखिया बिजेन्द्र शर्मा रविन्द्र तोमर डा. शुभाष शोकेन्द्र तोमर औमवीर दुहण प्रवेज खान औकार दत्त आदि रहे।



## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा टीम ने कराया मावा नष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी अस्मिता लाल, के आदेश के अनुपालन में खाध सुरक्षा विभाग की टीम आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सहायक आयुक्त डीपी.सिंह के पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञ दत्त आर्य ने छापेमारी की। कैंटर गाड़ी के मालिक आस मुहम्मद की गाड़ी से मिलावटी होने की आशंका के आधार पर मीर हसन पुत्र हकीमु निवासी कुड़ाना थाना शामली जनपद शामली तथा मोनू मलिक पुत्र महमूद मलिक निवासी निवासी कुड़ाना, थाना शामली, जनपद शामली मावा का नमूना संग्रहित तथा अस्वस्थकर और अस्वच्छकर अवस्था में भंडारित लगभग 200 kg मावा कीमत 60000 को मौके पर ही नष्ट कराया गया। उपरोक्त नमूनो को जाँच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### विकास कार्यों में गति के साथ-साथ गुणवत्ता भी होनी चाहिए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण 148 योजनाओं की प्रगति को तीव्र किया जाए ताकि तय समय सीमा में सभी परियोजनाएं पूर्ण हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर परियोजना स्थल पर योजना का विवरण बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए, जिससे आमजन को पता चल सके कि उनके क्षेत्र में कौन से कार्य हो रहे हैं, किस संस्था द्वारा किए जा रहे हैं और कितनी लागत से पूरे होंगे। जिला. धिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में गति के साथ-साथ गुणवत्ता भी सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के साथ साथ संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे स्थलीय निरीक्षण नियमित रूप से करें और कार्यों की गुणवत्ता देखे। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब योजनाएं समय पर पूरी हों, गुणवत्तापूर्ण हों और जनता के जीवन को बेहतर बनाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि योजनाओं के निष्पादन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना की अद्यतन स्थिति पोर्टल पर समय से अपलोड की जाए। विभाग समन्वय से कार्य करे और सुनिश्चित करे कि परियोजनाएं बेहतर ढंग से धरातल पर आकार ले। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करें और पीएम सूर्य घर योजना जैसी योजना से लाभान्वित लेने के लिए आवाहन करें उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को हर किसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव परियोजना निदेशक राहुल वर्मा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अतुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए और हर स्तर पर खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वहीं यूपी पुलिस ने इंटरनेशनल पुलिस गेम्स में सर्वाधिक पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि अब तक प्रदेश में 80 हजार मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की जा चुकी है, और हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और जनपद स्तर पर स्टेडियम निर्माण सरकार की प्राथमिकता में है, साथ ही ओपन जिम का निर्माण भी तेज़ी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरदार/150 अभियान के अंतर्गत एक लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है। साथ ही, 6 अक्टूबर से प्रारंभ युवा साथी एकीकृत पोर्टल पर 12 लाख 64 हजार से अधिक युवाओं का पंजीकरण हुआ है, जिससे युवाओं को विभिन्न योजनाओं और अवसरों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध हो रही है। वहीं लाइव प्रसारण उपरांत सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बागपत को खिलाड़ियों की भूमि बताते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभा की निखरने की शुरुआत युवक मंगल दलों से होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नौजवान को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए और इसके लिए यह प्रोत्साहन सामग्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए और हर स्तर पर खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए। सांसद डा.राजकुमार सांगवान एवं मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न गांवों में गठित 21 युवती मंगल दलों एवं 11 युवक मंगल दलों सहित कुल 32 मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित कर उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार विजेता अमन कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सांसद ने कहा कि जनपद के युवा अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। बागपत के युवा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े इसके लिए शुभकामनाएं दी।

# प्रत्येक योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में ठोस सुधार लाना:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों एवं 10 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 15 कार्यदायी संस्थाओं की कुल 273 विकास योजनाओं की स्थिति पर विभागवार समीक्षा की गई, जिनमें से 125 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। जिला. धिकारी ने कहा कि विकास कार्य सरकार की प्राथमिकता हैं और प्रत्येक योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में ठोस सुधार लाना है, इसलिए पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता, तीनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं जनपद में बनाई जा रही है उन पर अच्छी गुणवत्ता के साथ कार्य होना चाहिए और उनकी आयु अच्छी हो उन्होंने उदाहरण के रूप में जाट कॉलेज बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौत नगर पालिका जैसी बिल्डिंगों के उदाहरण दिए। उन्होंने कहा आज के समय में जो बिल्डिंग बन रही हैं वह बहुत जल्दी अत्यधिक जर्जर होती है। इसलिए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। थर्ड पार्टी का द्वारा इंस्पेक्शन अवश्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की दिव्यांगों के दृष्टिगत रैंप रेलिंग सीधी आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। इंजीनियरिंग का प्रयोग अवश्य करें जिन बिल्डिंगों में भी कार्य हो रहे हैं वहां पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग अवश्य बनाई जाए। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, जनपद की 273 परियोजनाओं पर कुल 1408.36 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसमें से 932.34 करोड़ पहले ही अवमुक्त की जा चुकी है। इन योजनाओं में यूपी राजकीय निर्माण निगम की 2, जल निगम शहरी की 5, राज्य सेतु निगम लिमिटेड की 4, यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड की 2, यूपी सिडको की 4, सी एंड डीएस की 9, लोक निर्माण विभाग की 25, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 5, मंडी परिषद की 3, यूपी पुलिस आवास निगम की 1, राज्य निर्माण सहकारी संघ की 5, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ की 4, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की 21, यूपी वक विकास निगम की 1, और यूपी जल निगम ग्रामीण की 182 योजनाएं शामिल हैं।



# शीशपाल के निधन पर जनप्रतिनिधियों में शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दोघट कस्बा निवासी अमर उजाला बड़ौत के पत्रकार मुकेश पंवार के पिता शीशपाल सिंह के निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सांसद डा.राजकुमार सांगवान, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, रालोद नेता विश्वास चौधरी, वीरेंद्र राणा ने दोघट पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। इसके अलावा कांग्रेस शहराध्यक्ष रामहरि, कांग्रेस नेता देवेंद्र चौहान, वनस्थली पब्लिक स्कूल के संचालक हर्षित जैन, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री नवनीत जैन, जनता वैदिक डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डा. गीता रानी, पूर्व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह तालियान, गुल्लू प्रधान दाहा, नीटू सभासद, माठू पहलवान, राजकुमार शर्मा, ओंकार दत्त व रामपाल मुखिया आदि लोगों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

# मां ने बच्चों की लंबी उम्र के लिए रखा अहोई अष्टमी का व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को अहोई अष्टमी पर्व पर महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना करते हुए अहोई अष्टमी का व्रत रखा महिलाओं ने अपनी संतानों की सुख स्मृति और लंबी आयु की कामना के लिए महिलाओं ने उपवास रखा। वही बाजार बच्चों से संबंधित वस्तुओं की खरीदारी की भी बाजारों में भीड़ भाड़ अधिक रही। गांव जागौश में सम्मानित बुजुर्ग चंद्रों कौशिक ने महिलाओं को अहोई अष्टमी की कथा भी सुनाई सभी महिलाएं अपने बच्चों की सलामती के लिए बड़ी उत्साहित नजर आई महिलाओं पूजा करते हुए अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। अहोई अष्टमी की कथा सुनने वालों में अनीता कौशिक जागौश बबली कौशिक कुसुम देवी बबीता देवी काजल कौशिक साक्षी कौशिक रीना देवी रेखा देवी आदि महिलाओं ने उपवास रखकर अहोई अष्टमी की कथा सुनी गई। इस मौके पर समाजसेवी महिला अनीता कौशिक ने कहा कि अहोई अष्टमी का त्यौहार एक साल में एक बार आता है। इस त्यौहार को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सभी महिलाएं अपने बच्चों की सलामती के लिए अहोई माता की कथा सुनकर अपने बच्चों को आशीर्वाद देती है और अपने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेती है।



# किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के सिर. सलगढ़ गांव में सांसद डा.राजकुमार सागवान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह उज्जवल के आवास पर हुई सभा में रालोद गरीब किसान मजदूरों के हितों के लिए दिन रात कार्य कर रहा हैं। पार्टी अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी दिल्ली में किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सभा में उन्होंने सभी से रालोद से जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रहेगी। किसानों के गन्ने का समय पर भुगतान समय पर कराया जायेगा। उन्होंने बिनौली से लेकर केडवा तक सड़क का चौड़ी कराने और गांव के शिव मंदिर से चिरचिटा तक कच्चे रास्ते पर सीसी रोड़ और दिल्ली तक रोडवेज बसों का संचालन कराने का भी ग्रामीणों को आश्वाशन दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नौकरी आदि व्यवसाय करने में दिल्ली जाने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा बागपत लोकसभा क्षेत्र में हरियाणा की तर्ज पर विकास होगा। किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाएगा। अध्यक्षता बाबा सुखबीर सिंह ने की सभा मे डा.राहुल उज्जवल महामंत्री चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, जिला पंचायत सदस्य धनपाल उज्जवल, सुखपाल सिंह जितेंद्र, जयपाल, नेपाल, रामकुमार, हरपाल सिंह, हरफूल , डायरेक्टर सतबीर आदि उपस्थित रहे।



# संजय जैन को असिस्टेंट गवर्नर चुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा के पदाधिकारी संजय जैन मूलचंद जैन पाइप वालों को रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3100 का असिस्टेन्ट गवर्नर बनाया गया।

श्री जैन को वर्ष 2026 - 27 के लिए असिस्टेंट गवर्नर चुना गया। संजय जैन को यह पद मिलने की सूचना मिलते ही बड़ौत शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने संजय जैन को बधाई दी गई है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की गवर्नर पायल गौर ने संजय जैन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समर्पण और मेहनत से काम करने की प्रेरणा दी जिससे डिस्ट्रिक्ट 3100 नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। रोटरी 3100 के अध्यक्ष गौरव चौधरी, सेक्रेटरी अखिल जैन और राजन शर्मा, जितेंद्र जैन, सुभाष जैन, मंजीत सिंह के साथ अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने संजय जैन के घर जाकर उन्हें असिस्टेन्ट गवर्नर बनने पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल जन सेवा के विभिन्न कार्यों, महिला सशकितकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है



# युवाओं ने उत्साह के साथ सुना मुख्यमंत्री का युवा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल विभाग द्वारा जिले के युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का भी प्रसारण हुआ जिसने युवाओं में उत्साह और गर्व की भावना का संचार किया। जनपद के विभिन्न युवक एवं युवती मंगल दलों के युवाओं ने प्रतिभाग कर संदेश सुना एवं सांसद से खेल सामग्री पाई। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में कुल 488 युवक एवं युवती मंगल दल गठित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव प्रसारण में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि गांवों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज वितरित की गई सामग्री इन गतिविधियों को गति देने में अत्यंत सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आहवान किया कि वे खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन, लोक गीत, लोक गायन एवं पारंपरिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें, क्योंकि यह हमारी परंपराओं के संरक्षण और संवर्द्धन में सहायक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि विक. सित उत्तर प्रदेश अभियान में हमें 40 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं जिसमें युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही और अभी भी सुझाव भेज सकते है। जब 2047 में देश आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब उस भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। भारत सरकार के माय भारत पोर्टल पर 13. 5 लाख से अधिक प्रदेश के युवाओं को पंजीकरण के लक्ष्य के अनुरूप 16 लाख युवाओं ने पंजीकरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगल दलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने भारत सरकार के यूथ पार्लियामेंट एवं युवा उत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा से देशभर में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा खेल अब केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार बन रहे हैं। प्रदेश के कई युवा अब खेलों के माध्यम से सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं।



# डीएम और एसपी ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पर की आकस्मिक छापेमारी

**■ एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में अधिकारियों की जांच टीम गठित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जनसुनवाई के दौरान आमजन द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध की गयी शिकायत पर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पर आकस्मिक छापामारी की।

शिकायतकर्ता द्वारा श्रम विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनावश्यक रूप से आमजन को परेशान करने तथा जनकल्याणकारी



योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को न दिए जाने की शिकायत की गयी।

छापामारी के दौरान जिलाधिकारी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को कार्यालय परिसर से पकड़ा, जिसके पास से विभागीय अधिकारियों से संबंधित मोबाइल चौटिंग, सरकारी योजनाओं के आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज बरामद हुए। संदिग्ध द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न देने पर उसे विधिक कार्यवाही हेतु थाना सिविल लाइंस पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।जिलाधिकारी ने मामले की गहन जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में दो डिप्टी कलेक्टरों की विशेष जांच टीम गठित की है, जिसे 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यालय में संदिग्ध व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा बल तैनात किया गया है। साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों में भी गोपनीय निरीक्षण हेतु निगरानी टीम गठित की गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय कार्यालय जनता की सेवा के केन्द्र हैं, किसी भी कीमत पर इन्हें दलालों या बिचौलियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का संकल्प है कि "सरकार की हर योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँचे।

# डॉ0 भीमराव अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट में दिनेश पुर ने सिरसी महमूदपुर को 6-1 से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एचआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डाक्टर भीमराव अंबेडकर आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में दिनेश. पुर ने सिरसी महमूद पुर की टीम को 6-1 के गोल के अंतर से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैच के पहले हाफ से ही दिनेशपुर ने अपना दबदबा बनाते हुए तीखे आक्रमण करना शुरू किए। 10 वें मिनट में दिनेशपुर के सेंटर फारवर्ड विश्वजीत ने पहला गोल किया, खेल के 19 वें मिनट में राकेश ने व 25 वें मिनट में विश्वजीत ने गोल कर दिनेशपुर को तीन गोल की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में फिर तेजी दिखाते दिखाते हुए दिनेश. पुर के राजेश, विश्वजीत और राकेश ने गोल कर, दिनेशपुर को मैच में 6 गोल की बढ़त के साथ बहुत आगे कर दिया था।सिरसी महमूदपुर के मुस्तफा ने एक गोल कर अपनी टीम का शून्य तोड़ा। यह मैच दिनेशपुर ने 6-1 के गोल के अंतर से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।दिनेश पुर के तीन गोल करने वाले विश्वजीत को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रताप सिंह चौहान एडवोकेट द्वारा दिया गया। मैच रेफरी जुबैर आलम रहे,



लाइन मैन राहत अली और मुहम्मद ओसामा रहे।स्कोरर की भूमिका मुहम्मद मुईन खान ने निभाई।कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर व जहीर जिया रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रताप सिंह चौहान एडवोकेट, पप्पन सक्सेना सहित टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष कारी रिजवान, उवैस प्रिंस, अमीर अहमद, मुहम्मद दाऊद, जैद कुरेशी, कारी जुनेद, हाजी मारूफ, महफूज मुन्ना, सगीर गुड्डू,वसी खान, जुबैर आलम, तौसीफ ,मुहम्मद बिलाल,हनी, मु० आमिर और अब्दुर्रज्जाक आदि मौजूद रहे।

## मिलक की विद्युत आपूर्ति 6 से शाम 4 तक पूर्णता रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अवर अभियंता उपकेंद्र मिलक मोहम्मद हसनैन अंसारी ने एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को 220 के. वी. शंकरपुर से पोषित 11 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 के.वी. मेन लाइन अहमदाबाद से खाता नगरिया 6 किलोमीटर लाइन का कंडक्टर तार तथा 20 नग पोल बदलने का कार्य बिजनेस प्लान के अंतर्गत चल रहा है कार्य आज सुबह 6:00 से 4:00 बजे तक पूर्णता शटडाउन रहेगा।

उपकेंद्र से संबंधित मिलक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर सहित व्यवस्थाएं होंगी चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और कार्यों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं के पक्के चौम्बरों के निर्माण हेतु अध्यक्ष बार एसोसिएशन के साथ वार्ता की गई। इसमें चौम्बरों के शीघ्र निर्माण हेतु स्थल चयन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएँ जल्द पूर्ण कराने के लिए



कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले नागरिकों और अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित और सुचारू वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद की जाए।

# सभासद के घर पर जेसीबी से स्लैब तोड़ने का आरोप, मारपीट और धमकी की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा ( रामपुर )।** नगर पालिका टांडा की वार्ड नंबर 5 की सभासद ने पालिकाध्यक्ष और उनके समर्थकों पर घर में तोड़फोड़, मारपीट व धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सभासद का कहना है कि उनके पति का पैतृक मकान वार्ड नंबर 3 में स्थित है। उन्होंने कुछ दिन पहले नगर पालिका को बंद नाली खुलवाने के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर रविवार शाम कुछ लोग जेसीबी लेकर पहुंचे और मकान का स्लैब तोड़ दिया।

विरोध करने पर सभासद के पति के साथ मारपीट और महिलाओं से अभद्रता की गई। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगली बार जान से मार देंगे। सभासद का कहना है कि कार्रवाई केवल उनके ही मकान पर की गई, जबकि आसपास के अन्य मकानों को नहीं छुआ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब पालिकाध्यक्ष के इशारे पर किया गया।

प्रार्थिनी ने कोतवाली टांडा में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# सीडीओ ने वितरित किए युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** युवा कल्याण विभाग द्वारा मंगल दल के युवक एवं युवतियों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित किए जाने के संबंध में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया।

लाइव स्ट्रीमिंग के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने मंगल दलों के पदाधिकारी को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द.



अधिकारी विशाल कुमार ने विस्तार से विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित युवाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में बी.ओ. ब्रजेश कुमार, वरूण राठी, वरिष्ठ सहायक अजमल जमाल खाँ पी.आर. डी. जवान सुनील, वेदराम अरविन्द, ममता महेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## चेयरमैन दीक्षा गंगवार नगर में रोडवेज और बाल्मीकि मंदिर बनवाने को नगर विकास मंत्री से मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में रोडवेज और महर्षि वाल्मीकि मंदिर बनवाने की मांग को लेकर पालिका अध्यक्ष नगर विकास मंत्री से मिली। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने दो दिन पूर्व रामपुर दौरे पर आये नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश शासन अरविंद कुमार शर्मा से मुलाकात कर जनहित में पत्र सौंप कर नगर के रौरा कला में बाईपास जीरो पॉइंट पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का रोडवेज बनवाने एवं नसीराबाद मे गांधी पार्क में महर्षि वाल्मीकि का मंदिर बनवाने की मांग की। जिस पर नगर विकास मंत्री ने इस पर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कुंवर नरेंद्र सिंह गंग. वार समाजसेवी एवं भाजपा नेता, भाजपा की मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, नगर मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन की आत्मा हैं बूथ अध्यक्ष, उनका समर्पण ही पार्टी की नींवः हरीश

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने टांडा ग्रामीण मंडल के बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की आत्मा हैं। उनका समर्पण ही पार्टी की नींव है। जब-जब भाजपा ने चुनावों में ऐतिहा. सिक विजय हासिल की है, उसके पीछे हर बूथ अध्यक्ष की मेहनत, पसीना और निष्ठा रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने सोमवार को स्वार ग्रामीण मंडल के बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल संगठन है और इस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है बूथ अध्यक्ष। अगर संगठन एक इमारत है, तो बूथ अध्यक्ष



उसकी नींव हैं। कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता यह सिर्फ नारा नहीं है, भाजपा की रणनीति का मूल मंत्र है। क्योंकि, एक बूथ अध्यक्ष ही मतदाता के सीधे संपर्क में रहता है और वो ही चुनाव के दौरान मतदान कराने में अहम भूमिका का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है हर बूथ को मजबूत बनाना, हर मतदाता से जुड़ना। इस सपने को बूथ अध्यक्षों के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि बूथ अध्यक्ष संपर्क अभियान चलाएं। हर घर जाएं। हर परिवार से संवाद करें। सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। नए मतदाताओं को जोड़ें। युवा मतदाताओं को संगठन से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संसद में जो नेता बैठते हैं, सरकार में जो मंत्री बनते हैं, और मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री तक उन सभी की सफलता की शुरुआत बूथ से होती ळें इसलिए गर्व कीजिए कि आप भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवनीत चौहान, जिला मंत्री महेंद्र सैनी, राज. कुमार चौहान, मदन चौहान, रवि रूहेला, नवनीत चौहान, श्रीपाल सिंह, अंकुश चौधरी, प्रीतम कांबोज, ब्रजेश ठाकुर, गोकुल कांबोज, रॉ. हताश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए स्मार्ट फोन बना जी का जंजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह का कहना है कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए स्मार्ट फोन जी का जंजाल बन चुक है स्कूल समय के अलावा शिक्षक अपने घर पर जाकर भी घंटों तक ऑन लाइन सूचनाएं देने में लगे रहते हैं। अगर सूचनाएं समय से न दे तो विभागीय उच्च अधिकारी कार्रवाई कर देते हैं और अगर स्कूल में मोबाइल से ऑनलाइन सूचना देने लगते हैं तो बच्चों के अभिभावक कहते हैं कि शिक्षक पढ़ाते नहीं हैं हमेशा मोबाइल में लगे रहते हैं। स्मार्ट फोन पर प्रेरणा, डीबीटी, दीक्षा,रीड आलांग, निपुण प्लस,शारदा, उल्लास, समर्थ, यू डाइज, आई डॉट कर्मयोगी, निपुण टीचर, एम आधार, हरितिमा,इको क्लब, ज्ञान समीक्षा, स्विफ्ट



चौट,परख, पुस्तक वितरण, गूगल मीठख, इन्स्पायर अवार्ड, फिट इण्डिया, एस जी पी, उमंग, पी एफ एम एस, एफएसएसएआई, एन आई एल पी, ई कवक, एन बीएमसी, जूम उपस्थिति प्रेरणा पोर्टल,मानव संपदा आदि कार्य इसके अलावा भी शिक्षकों को बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी, चुनाव संबंधित बी एल ओ, टीकाकरण, मीड- डे - मील, एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाने, हाउस होल्ड सर्वे कार्य आदि करने पड़ते हैं।

वार्ड सभासद ने बजरंग दल के नेता व सफाई कर्मचारी पिता पुत्री पर लगाया

## घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर लूट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महवासी।** वार्ड सभासद ने बजरंग दल नेता व सफाई कर्मी पिता पुत्री पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर घर में घुसकर लूट करने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र से की है। वार्ड 10 के सभासद मोहम्मद उवैस ने पुलिस अधीक्षक को भेजे प्रार्थना पत्र में शिकायत की है कि वार्ड नंबर 3 निवासी राजेश कुमार और पुत्री संजना वार्ड में सफाई कर्मी है दोनों ही वार्ड में सफाई व्यवस्था में लापरवाही करते हैं जिसकी शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार से की। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। लेकिन शिकायत से नाराज सफाई कर्मी की और से उसके खिलाफ मुकदमा ओर कायम करा दिया गया। वार्ड सभासद ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है कि सफाई कर्मी सहित दो अन्य लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करते हुए घर से नगदी और जेवरात लूटकर ले गए विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट भी की । इस मामले में एक बजरंग दल नेता का नाम भी शामिल है। वार्ड सभासद का आरोप है कि इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की गई है। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उसने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग है।

# नगर में निकाली गई भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे बड़ी धूमधाम से भारतीय बाल्मीकि समाज भवादस भीम ने निकली भगवान बाल्मीकि जी की शोभा यात्रा जिसका नेतृत्व भारतीय बाल्मीकि समाज भवादस भीम के जिला सचिव सोमपाल बाल्मीकि द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय से विधी विधान व पूजा अर्चना के साथ दीप जला कर किया गया जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने फीता काटकर किया बाल्मीकि समाज के लोगो ने नगर पंचायत अध्यक्ष व चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला सहित गड़मान्य लोगो का फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया शोभा यात्रा काशीपुर मार्ग मेन मार्केट मेन चौराहा मोहल्ला भूवरा बाल्मीकि बस्ती होते हुए मोहल्ला चाऊपुरा बाल्मीकि



मन्दिर होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर आकर समाप्त हुई शोभा यात्रा मे रामलक्ष्मण की जोड़ी माता सीता व भगवान महर्षी बाल्मीकि जी व लव कुश की जोड़ी हवा मे उड़ते हनुमान जी, गोपियो के श्री कृष्ण जी



शिव पार्वती ,काली माता का अखाड़ा, भरत माता आदी अन्य सुन्दर सुन्दर विभिन्न प्रकार की झाकियो के साथ कला कार डीजे के धुनपर नृत्य करते चल रहे थे साथ ही महर्षी बाल्मीकि जी के जय कारो के उद्घोष के साथ बाल्मीकि समाज के लोग चल रहे थे जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्शा कर स्वागत किया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला शोभा यात्रा मे पुलिस बल के साथ चल रहे थे।

इस दौरान अधीशासी अधिकारी सचिन कुमार, वरिष्ठ लिपिक अमित



कुमार चन्द्रा ,भवादस के राष्ट्रीय संयुक्त मन्त्री दीप सिंह राही बृजनंदन सागर अर्जुन गुप्ता, सोमपाल बाल्मीकि, दिनेश बाल्मीकि, पीयूष बाल्मीकि, विजय बाल्मीकि, संजय बाल्मीकि सजीव बाल्मीकि, पप्पू बाल्मीकि गौरव बाल्मीकि, करन बाल्मीकि, आकाश बाल्मीकि, नितिन बाल्मीकि, विशाल बाल्मीकि, सरजीत बाल्मीकि, राकेश बाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि, सोना, गीता, पूनम, ममता, अनीता, गीता, नीतू विमला आदि शामिल रहे।

# बेनहर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय एथलेटिक्स मीट 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** एथलेटिक्स मीट 2025 के तीसरे दिन के आयोजन में एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा एवं स्पोर्ट्स टीचर्स के मार्गदर्शन में कक्षा 9 से 12 के गर्ल्स तथा ब्वॉयज के लिए 1600 मी. रेस, 800 मी. रेस, 200 मी. रेस, शॉट-पुट थ्रो, ट्रिपल जम्प, हाई जम्प, लॉग जम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रत्येक कैटेगरी के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान के लिए पूरे जोश का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा व हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। खेल शिक्षकों देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य, रमनदीप सिंह, मनोज भास्कर के कोआर्डिनेशन में, गुरसेवक सिंह, दीपक वशिष्ठ, सुरेंद्र शर्मा, नवीन उपाध्याय, अरविंद अग्रवाल, दुर्दाना खघन, अमरीन नाज, श्रुति सिंघल, अमित श्रीवास्तव, नरेंद्र गंगवार, शोभित बाजपेई, सुलभ आनंद, अनु अग्रवाल, प्रशंसा, सपना, अमोल, मुक्ता पांडे, रजत जोशी, रवि गुप्ता, अनूप पांडेय और मनोज राठौर ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में खेल शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग किया।

**सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे -**

'प्रतियोगिता - 1600 मी0 रेस'
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12(ब्वायज)
प्रियांशु कुमार - प्रथम
जगतवीर सिंह - द्वितीय



मो0 अरकाम - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 1600 मी० रेस'**
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12(गर्ल्स)
नियति धामा - प्रथम
परी गंगवार - द्वितीय
सिया कंवर - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 800 मी० रेस'**
जूनियर कैटेगरी कक्षा 9 व 10 (गर्ल्स)
फलक सिसोदिया - प्रथम
तैय्यबा फातिमा - द्वितीय
प्रिया सिंह - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 200 मी० रेस'**
जूनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12 (ब्वायज)
जगतवीर सिंह - प्रथम
लबप्रीत सिंह - द्वितीय
प्रियांशु कुमार - तृतीय
शौर्य गंगवार - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 200 मी० रेस'**
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12(गर्ल्स)
परी गंगवार - प्रथम
इंशा रहमान - द्वितीय
नियति धामा - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 200 मी० रेस'**
जूनियर कैटेगरी कक्षा 9 व 10 (गर्ल्स)
फलक सिसोदिया - प्रथम
तैय्यबा फातिमा - द्वितीय
सुखमीत कौर - तृतीय

**'प्रतियोगिता - 200 मी० रेस'**
जूनियर कैटेगरी कक्षा 9 व 10 (ब्वायज)
आराध्य छेत्री - प्रथम
अमर मनी - द्वितीय
अनुराग गंगवार - तृतीय

**'प्रतियोगिता - हाई जम्प'**
जूनियर कैटेगरी कक्षा 9 व 10 (ब्वायज)
वैभव शर्मा - प्रथम
निशांत सिंह - द्वितीय
दिव्यांश पाल - तृतीय

**'प्रतियोगिता - लॉग जम्प'**
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12 (गर्ल्स)
परी गंगवार - प्रथम
नियति धामा - द्वितीय
इंशा फातिमा - तृतीय

**'प्रतियोगिता - ट्रिपल जम्प'**
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12 (ब्वायज)
जगतवीर सिंह - प्रथम
सुमित कुमार शर्मा - द्वितीय
सयीम खान - तृतीय

**'प्रतियोगिता - शॉट पुट थ्रो'**
सीनियर कैटेगरी कक्षा 11 व 12 (ब्वायज)
तनिष्क मिश्रा - प्रथम
पार्थ सिंह भाटिया - द्वितीय
आर्यन राठौर - तृतीय

## स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**पूरनपुर।** भारत सरकार एवं राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में सोमवार को राजकीय बालिका इन्टर कालेज, पूरनपुर की प्रधानाचार्या डॉ जाहिदा खातून के सहयोग से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूरनपुर की नगरीय क्षेत्र की एएनएम रचना देवी द्वारा बालिक. ाओं को स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म के समय स्वच्छता, सेनेटरी पैड के प्रयोग के प्रति जागरूक किया एवं बच्चों को संतुलित अहार लेने के बारे में जानकरी प्रदान की। कालेज में लगभग 284 बच्चों की लम्बाई, वजन के साथ ही उनका हीमोग्लोबिन, बीपी, डेंगू, टाइफाइड एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जॉचे की गईं।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
मैंनें अपने पुत्र मुकेश को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बंध नहीं रहेगा। अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
**रामेश्वर पुत्र नोनीराम**
**निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना शहजादनगर तहसील मिलक**
**जिला रामपुर।**

# त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग की मिलक में छापेमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) 11/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा 11 से 13 अक्टूबर, 2025 तक विशेष अभियान चलाया गया।




विशेष छापामार अभियान में मिलक स्थित मनोज स्वीट हाउस से बूंदी मिठाई का तथा बन्द्रा स्वीट के हेमराज चन्द्रा से सोनपापड़ी का 01-01 नमूना लिया गया और लगभग 10 किग्रा. दूषित मिटाई (अनुमानित कीमत 1200/-) को नष्ट कराया। मौके पर पायी गयी अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों के पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 32 के अन्तर्गत सुधार सूचना निर्गत की जायेगी।

रठौंडा चौराहा स्थित श्री श्याम स्वीट के लालाराम से बूंदी का लड्डू का 01 नमूना लिया गया तथा गोविन्द स्वीट का निरीक्षण किया गया। दोनों से लगभग 10 किग्रा. दूषित मिठाई (अनुमानित कीमत 1200 रुपये) को नष्ट कराया गया। मौके पर पायी गयी स्वच्छता से संबंधित कामियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है।

निकट शाही होल बिलासपुर रोड, बरेली गेट स्थित इरफान स्पेलर के मो. इरफान से सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया और लगभग 12 लीटर सरसों का तेल (अनुमानित कीमत 2760 रुपये) को सीज किया।

मदीना मस्जिद के निकट, भोट स्थित क्वालिटी स्वीट के नावेद पुत्र याकूब अली से खोया और छेना मिठाई का 01-01 नमूना लिया गया।

पटवाई रोड ग्राम महमूदपुर स्थित गौरव पुत्र राजपाल के श्याम बाबा मिष्ठान भण्डार का निरीक्षण कर लगभग 20 किग्रा. दूषित मिठाई को नष्ट किया और मौके पर पायी गयी स्वच्छता से संबंधित कामियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है।

मिलक स्थित रूहेला स्वीट से खोया व सोनपापडी का 01-01 नमूना और अश्वनी गुप्ता स्वीट से शाही टोस्ट व रंगीन छेना का 01-01 नमूना तथा माँ वैष्णों स्वीट से खोया व लड्डू का 01-01 नमूना लिया गया। मौके पर पायी गयी स्वच्छता से संबंधित कामियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किये जा रहे है।

मोबाइल वैन प्रयोगशाला से रठौंडा, मिलक, भोट, बिलासपुर गेट. महमूदपुर स्थित 265 खाद्य पदार्थ विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया और मोबाइल वैन के माध्यम से 40 खाद्य पदार्थ की नि:शुल्क जांच की गई, जिसमें से 09 मानक के अनुसार नहीं पाये गये।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 12 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे।सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, रामचन्द्र यादव, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह, देवकान्त, मनोज कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# पीलीभीत पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा जारी

**■ वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** रविवार देर शाम जिले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों बदमाशों की पहचान बदायूं जनपद निवासी अशरफ और असलम के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध बिना नंबर की ग्रे रंग की सेंट्रो कार को रोकने की कोशिश की। तभी कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला व उनकी टीम ने पीछा करते हुए नहर बिलसंडा मोड़ के पास दोनों को मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा। मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाश घायल हो गए।

पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे, कारतूस और 3500 रुपये नकद बरामद किए हैं। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा है कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है अभियान लगातार और तेजी से चलाए जाएंगे किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं: औलख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के रोशन बाग पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक लगे यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 के पांचवें दिन 13 अक्टूबर को भजन संध्या एवं पुराने सदाबहार गीतों की संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा द्वारा बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया। लोगों ने संगीतमय शाम की खूब सराहना की।



रविवार शाम मा. राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग सूर्य प्रकाश पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मोदी वाटिका के छोटे-छोटे बालक बालि. काओं द्वारा स्वदेश प्रेम प्रसंग पर आधारित गायन नृत्य एवं वक्तव्य प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि यह यूपी सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों और उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य दीपावली से पहले वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्पियों (कारीगरों) और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है।

सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने बताया कि मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगे हैं।

उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन शाम 04.00 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि दीपावली के शुभ अवसर पर स्वदेशी मेले में एक दिन अवश्य आयें और स्वदेशी वस्तुओं को खरीदें। हमारी एक छोटी सी खरीद उत्पादकों को बहुत बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

# अधिवक्ताओं के सहयोग से समाज को मिलेगा बेहतर न्याय : जिला जज

**■ जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने जिला जज का किया स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने कहा है कि बार बेंच के सहयोग से बादकारियों को सस्ता सुलभ न्याय मिलता रहेगा। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभाकक्ष में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर न्याय उपलब्ध कराने की बात कही। अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र और महासचिव आनंद मिश्रा ने उन्हें बांसुरी भेंट की। जनपद न्यायाधीश सहित सभी न्यायिक अधिकारियों का दोशाला ओढाकर एवं बांसुरी भेंट कर सम्मान किया गया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार सिन्हा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगराकोटि , विशेष न्यायाधीश राम किशोर, स्पेशल जज टी एन पासवान ,अपर जिला जज महेशानंद झा आदि ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्रीमती श्वेता दीक्षित, एएस जे आतिफ शमीम ,अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम, सीजेएम मंगलदेव सिंह, एसीजेएम सुंदर पाल, अपर सिविल जज सतीश कुमार, सिविल जज आनंद कुमार, सेंट्रल बार अध्यक्ष सरोज बाजपेई, सचिव विमल सिंह, बाबूराम शर्मा ,रामावतार रस्तोगी, राजीव अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष एजाज अहमद खान ,रामसने. ही गौतम, अशोक शर्मा , तेज सिंह वर्मा,विद्या राम वर्मा,आशा रानी, वृंदावन मौर्य, महेंद्र मिश्रा, नरेश गंगवार,संजय सिंह, सुधीर मिश्रा,माखनलाल सैनी, सैयद हैदर जाफरी आदि की भागीदारी रही।अध्यक्षता धीरेंद्र मिश्र ने की संचालन आनंद मिश्रा ने किया।



# पं. दीन दयाल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पं. दीन दयाल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सींगन खेड़ा में किया गया। जिसमें जनपद की 08 टीमों, राजकीय वाकर इं.का., स्मार्ट इण्डियल मॉडल स्कूल, सिम्स क्लब, ग्लोबल इण्टरनेशनल स्कूल, आईडेन्टटी स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपूर कला उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगनखेड़ा बालक हॉकी छात्रावास रामपुर की टीमों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता का उद्घ्घाटन वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा भी दी तथा ग्रामीण से निकलने वाली प्रतिमा को भी बताया।

इस प्रतियोगिता का पहला मैच बालक हाकी छात्रावास एवं राजकीय वाकर इण्टर कालेज के मध्या खेला गया। जिसमें छात्रावास की टीम ने राजकीय वाकर इण्टर कालेज की टीम को 6-2 से पराजित किया। छात्रावास की टीम के मानवेन्द्र ने 4 गोल तथा पूजन ने 1 गोल आकाश पटेल गोल तथा राजकीय वाकर इण्टर कालेज के सानिध्य आर्येन कनौजिया ने 1-1 गोल किया।

दूसरा मैच सिम्स क्लब बनाम उच्च प्रा. वि. स्कूल सिंगनखेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें निर्धारित समय में दोनों ही टीमें 1-1 गोल कर बराबरी पर रही तत्पशचात पैनाल्टी सुट आउट के माध्यम से सिमा क्लब ने प्रा. वि. को 3-1 पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिसमें सिम्स क्लब की ओर से नीसू अब्दुल अरीब ने 1-1 गोल किया (जबकि उच्च प्राप्थमिक विद्यालय की ओर से जुबेर ने गोल किया।

तीसरा मैच उच्च प्रा. वि.लालपुर कला बनाम ग्लोवल इण्टरनेशनल स्कूल रामपूर के मध्य खेला गया जिसमें लालपुर कला ने ग्लोबल नैशनल स्कूल को 1-0 से पराजित किया। जिसने लालपुर कला की ओर से सुमित द्वारा 1 गोल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।

प्रतियोगिता का चौथा मैच स्मार्ट इण्डिया माण्डल स्कूल एवं आइडेन्टी एजूकेशन एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें स्मार्ट इण्डिया स्कूल की ओर से हिमांशू ने 1 गोल कर आइडेन्टीएजूकेशन एकेडमी को परा. जित किया।

प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल मेथ बालक हाकी छात्रावास रामपुर एवं सिम्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें छात्रावास की ओर से दीपक. राव, मानवेन्द, आकाश पटेल की ओर से 1-1 गोल कर कुल 3-0 से सिम्त क्लब को एकतरफा पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। सिम्स क्लब की ओर से कोई भी गोल करने में असफल रहा।

प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइल मैथ उ.प्रा. विद्यालय लालपुर कला बनाम स्मार्ट इण्डियन मॉडल स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें स्मार्ट इण्डियन मॉडल स्कूल की ओर से आदित्य ने 1 गोल कर टीम को फाइनल में प्रवेश कराया ।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्मार्ट इण्डियन मॉडल स्कूल बनाम छात्रावास रामपुर के मध्य खेला गया जिसमें छात्रावास की ओर से अंश यादव 1 मानवेन्द्र 1 आकाश पटेल 1 गोल कर कुल 3 गोल किये एवं स्मार्ट इण्डियन माण्डल स्कूल की ओर से हिमांशू ने गोल किया। इस तरह छात्रावास की टीम 3-1 से स्मार्ट इण्डियन माण्डल स्कूल टीन को परा. जित कर चौम्पियन रही।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मुस्कान सागर, कशिश, रामबाबू, फरहत अली खॉ, मो.फईम, रुकसार आदि ने निभाई।

## मां के साथ बाजार गई बेटी को उठा ले गए बाइक सवार

**पूरनपुर।** मां के साथ बाजार गई बेटी को सरेराह बाइक सवार दो लोगो ने अपहरण कर लिया। घटना को लेकर सहमी महिला ने घर पहुंच कर पूरी कहानी बताई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र से सटी ग्राम पंचायत का है। यहां की रहने वाली महिला अपनी बेटी के साथ 11 अक्टूबर को बाजार गई थी। तभी दिन के 3 बजे पड़ोस के गांव खमरिया पट्टी निवासी कृष्णा राजपूत अपने बहनोई शिव के साथ पहुंचकर बेटी को परेशान करने लगा। इसके बाद जबरन बाइक पर बैठाकर लेकर चला गया। काफी रोकने के बावजूद आरोपी नहीं रुके। घटना को लेकर खलबली मच गई। काफी पीछा करने के बावजूद आरोपी पकड़ में नहीं आ सका। घर पहुंच कर महिला ने पूरी घटना परिजनों को बताई। काफी तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। बताया जा रहा है युवती के पास एक मोबाइल भी है। अनहोनी की आशंका जताकर शिकायत पुलिस से की गई है। इस मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला ने बेटी को बरामद करने की मांग उठाई है।

# अवैध आतिशबाजी बेचते दुकानदार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने अवैध रूप से आतिशबाजी बेच रहे एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है | पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार की विस्फोटक सामग्री बरामद की है | यह गिरफ्तारी मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है | पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम चंद्र नगर स्थित गणेश जनरल स्टोर पर बिना लाइसेंस के आतिशबाजी की बिक्री की जा रही है | सूचना की गंभीरता को देखते हुए नयति चौकी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल रुकमान और कांस्टेबल प्रदीप कुमार की टीम ने तत्काल स्टोर पर छापा मारा | पुलिस टीम ने मौके पर चंद्रनगर निवासी ललित पाठक (36) को स्टोर पर सफेद प्लास्टिक के बोरे में आतिशबाजी रखकर बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा | गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 120 से अधिक आतिशबाजी के पैकेट जब्त किए | जैंत थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी ललित पाठक द्वारा अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री बेची जा रही थी, जिसे जब्त कर लिया गया है | गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना जैंत में विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है |

# संस्कृति विवि में महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा




**मथुरा।** संस्कृति विश्विद्यालय में मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत, ''आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण'' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. एम. बी. चेट्टी ने राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि, जिला रोजगार अधिकारी, सुश्री सुगंधा जैन ने एक सारगर्भित व्याख्यान के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को महिला सश. क्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी | उन्होंने बताया कि महिला सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और कानूनी मुद्दों पर संवे. दनशीलता और सरोकार व्यक्त किया जाता है | सशक्तीकरण की प्रक्रिया में समाज को पारंपरिक पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के प्रति जागरूक किया जाता है, जिसने महिलाओं की स्थिति को सदैव कमतर माना है | वैश्विक स्तर पर नारीवादी आंदोलनों और यूएनडीपी आदि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने महिलाओं के सामा. जिक समता, स्वतंत्रता और न्याय के राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है | महिला सशक्तीकरण, भौतिक या आध्यात्मिक, शारिरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। उनके सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में जागरूकता और महिलाओं के विकास और उद्यमिता को समर्थन देने वाले कई प्रोत्साहन– आधारित कार्यक्रम भी शामिल थे | कार्यक्रम का समापन सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के विशेष संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और छात्राओं को समाज में महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर बल दिया |

# रालोद जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों को दिलाई पार्टी की सदस्यता



**मथुरा।** गांव बल्टीघड़ी में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान रविवार को चलाया गया। रालोद पार्टी का सदस्यता अभियान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में डोर टू डोर चलाया गया | रालोद कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को राला. ेद की सदस्यता ग्रहण कराई | इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा सदस्यता अभियान का उद्देश्य हर गांव और हर वर्ग तक लोकदल की विचारधारा को पहुचाना हैं | और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह और स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह के सिद्धांतों पर चलने वाला राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज हैं। रालोद पार्टी किसानो की एकमात्र हितैषी पार्टी है। सदस्यता अभियान के दौरान सैकड़ो किसानों ने सदस्यता ग्रहण की। जिलामहासचिव कलेक्टर सिंह को बनाया गया। इस अवसर पर एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डा. सतीश, नारायण सिंह, महासचिव सुजाता सिंह, कलेक्टर सिंह, प्रधान रामवीर सिंह, जेतार सिंह, पूर्व प्रधान सुरेश आदि लोग मौजूद रहे | अभियान की अध्यक्षता रामवीर व संचालन संतोष पहलवान ने किया |

## यमुना एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन से टकराया कैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार रात नोएडा से आगरा की ओर जा रहा कैंटर सुरीर के समीप झपकी में अनियंत्रित होने पर आगे चल रहे किसी में टकरा गया | जिससे कैंटर में सवार चालक और क्लीनर घायल हो गए | जिनमें क्लीनर की हालत गंभीर बताई गई है |

चालक अखिलेश निवासी कानपुर साथी क्लीनर बृजेश कुमार निवासी उन्नाव के साथ यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से कैंटर लेकर आगरा की ओर जा रहे थे | सुरीर क्षेत्र में माइल स्टोन 83 के समीप झपकी में अनियंत्रित होने पर कैंटर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया | जिससे कैंटर में सवार चालक और क्लीनर घायल हो गए | दुर्घटना की सूचना पर थाना पुलिस और एक्सप्रेस वे कर्मी मौके पर पहुंच गए | कैंटर में फंसे चालक और क्लीनर को केबिन से बाहर निकालने के बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया | एसआई विनोद कुमार ने बताया कि झपकी में अनियंत्रित होने पर कैंटर आगे चल रहे किसी वाहन में टकरा गया था | जिसमें घायल क्लीनर बृजेश की हालत गंभीर बताई गई है |

## नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**मथुरा।** त्योहारों के पावन अवसर पर शहर को स्वच्छ, आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर विना. ेद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा प्रमुख मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है | इसी क्रम में गोवर्धन चौराहा से सतोहा नगर निगम सीमा तक संपूर्ण गोवर्धन रोड पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया | इस अभियान का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को एक स्वच्छ, सुंदर एवं दिव्य वातावरण प्रदान करना है | मुख्य मार्गों की यांत्रिक एवं मैनुअल सफाई कराई गई | मार्ग के दोनों ओर स्थित झाड़ियों, घास एवं उगे छोटे पौधों की कटाई की गई | सड़क पर जमी धूल–मिट्टी एवं कचरे की गहन सफाई की गई | डिवाइडरों पर उगी हुई घास व पौधों की सफाई कर सौंदर्यीकरण किया गया | डिवाइडरों के दोनों ओर जमी मिट्टी को हटाकर सड़क को समतल एवं स्वच्छ बनाया गया। त्योहारों पर स्वच्छता को विशेष ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर यह कार्य विशेष अभियान के रूप में संपन्न कराया गया |



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत टेस्ट जीतने से 58 रन दूर



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिए और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है।

उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं। चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुम. राह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की। इसके

● **दूसरी पारी में स्कोर 63/1 राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे विंडीज ने 121 रन का लक्ष्य दिया**

बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाए थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारि. कन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30 ) क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था। इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिए थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाए थे। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी थी।



## जॉन कैंपबेल ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन धैर्य और दृढ़ता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। इसी के साथ वह दक्षिण अफ्रीका के ट्रेवर गोडार्ड के बाद अपना पहला शतक बनाने वाले, दूसरे सबसे धीमे सलामी बल्लेबाज बन गए। कैंपबेल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि 50वीं टेस्ट पारी में हासिल हुई, जो कि उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 174 गेंदों का सामना किया और इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मार्च 2023 के बाद से यह किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का सभी टेस्ट मैचों में पहला शतक है। दक्षिण अफ्रीका के गोडार्ड ने 58 पारियों में अपना पहला शतक बनाया था। 2006 में बासेटेरे में डैरेन गंगा के 135 रनों के बाद भारत के खिलाफ पहला शतक था। यह 2002 में ईडन गार्डन्स में वेवेल हिंड्स के शतक के बाद भारतीय धरती पर किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक भी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह शतक केवल एक व्यक्तिगत जीत से कहीं बढ़कर है। इसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में एक पुनरुत्थान का संकेत दिया हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## डेनमार्क ओपन में लक्ष्य, चिराग व सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेटी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था।

## हरिहरन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज में जीते दो युगल खिताब

**तुर्की, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीते। मिश्रित युगल के फाइनल में हरिहरन अम्मसकरुनन और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में जीत के तुरंत बाद हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल का खिताब भी जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने आधे घंटे से भी कम समय तक चले मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को 21-13, 21-6 से मात दी।

## जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

● **भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त हया अली को 11-5, 11-9, 11-6 व 11-8 से हराया**

**जापान, वार्ता।** दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुक. ाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

इससे पहले जापान ओपन में, जोशना ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नारदीन गरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी। उन्होंने दूसरे राउंड में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और अपने पहले मैच में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।



## द. अफ्रीका ने पाक को 378 पर रोका



**लाहौर, वार्ता।** सेनुरन मुथुसामी (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान को 378 के स्कोर पर समेटने के बाद लंच तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है।

पाकिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 313 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मुथुसामी ने मोहम्मद रिजवान (75) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठे सफलता दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर नोमान अली (शून्य) और अगली गेंद पर साजिद खान (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। पाकिस्तान का नौवां विकेट शाहीन शाह अफरीदी (सात) के रूप में गिर। उन्हें भी मुथुसामी ने आउट किया। इसके बाद 111वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रीनेलान सुब्रायेन ने शतक की ओर बढ़ रहे आगा सलमान (93) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 378 के स्कोर पर अंत कर दिया।

## सैंटनर होंगे टी-20 में टीम के कप्तान

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद, एक और विश्व स्तरीय टीम का हमारे यहां आना बहुत अच्छा है। हम जानते हैं कि हैरी ब्रुक और उनके टी-20 खिलाड़ी कितना रोमांचक क्रिकेट खेलते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए उत्सुक हैं। मिशेल की वापसी बहुत अच्छी है। हमारे कप्तान होने के साथ-साथ, वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सीमित ओवरों के स्पिनरों में से एक हैं और उनका कौशल और अनुभव स्वागत योग्य होगा। इसी तरह, रचिन का भी स्वागत है, जो दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूक गए थे और मुझे पता है कि वह इस श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हैं। इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है :- मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक आदि।

## शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

● **आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 5 अंडर का स्कोर बनाया**

**गुरुग्राम, वार्ता।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरो. पियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी।

उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी, लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गईं। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गईं, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा कि मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं, प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

## भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गईं। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विश्व के 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह ने घरेलू टीम के लिए पुरुष एकल टेबल टेनिस रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ शुरुआत की और 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। विश्व के 39वें नंबर के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने दूसरे मैच में 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए खेलते हुए, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने जोरदार प्रयास किया, लेकिन अंतत: लैम सियु हांग के खिलाफ 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए।

## सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

● **बीसीसीआई के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा**

**पटना, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है।

सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार



फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुकाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174-01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206-55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई।

## आखिरी छह ओवरों में खराब बल्लेबाजी से हारे: हरमनप्रीत कौर

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आखिरी ओवरों में निचले क्रम की बल्लेबाजी के अचानक ढह जाने से हम 30 से 40 रन पीछे रहे गए और इसी कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह हमने शुरुआत की, लगा था कि अगर हम 30-40 रन और जोड़ पाते तो फर्क पड़ता। आखिरी छह-सात ओवर में हम रन नहीं बना सके और वही हमें महंगा पड़ा।

विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था, लेकिन आखिरी छह ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं ले पाए।पहले 40 ओवर बहुत अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 10 ओवरों में हम सही तरीके से एक्सिक्यूट नहीं कर पाए। मैचों में ऐसा होता है, हर दिन शत प्रतिशत नहीं हो सकता, लेकिन यह अहम है कि वापसी कैसे करें। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि मेरे हिसाब से क्रिकेट में फिनिश बहुत अहम होता है। मैं हमेशा कहता हूं। हां, अच्छी शुरुआत चाहिए लेकिन उससे भी बेहतर अंत चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मैच में हमने आखिरी पांच ओवर में खराब गेंदबाजी की और वो गेम गंवाया। आज भी अगर हम 20 रन और बना लेते,



तो नतीजा अलग हो सकता था। लेकिन यह सब प्रक्रिया का हिस्सा है। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी सीख यही है कि हमें बेहतर फ़िनिश करना सीखना होगा। मजूमदार ने कहा कि इस मैच के बाद हम निश्चित रूप से इसका विश्लेषण करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर चर्चा करेगा और अगले मैच के लिए सही फैसला लेगा। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच के बाद हमने लंबी चर्चा की कि बल्लेबाजी अप्रोच कैसी होनी चाहिए।

# बिहार पर नजर

सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा 7 अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 8 सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव कराए जा रहे हैं। बिहार के दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू कश्मीर विधानसभा के उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाने हैं। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब जनता दल आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उन पर आरोप तय कर बड़ा झटका दिया है। इससे बिहार चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों की भी नजर है। यूं भी चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर कराने के बाद वहां चुनाव कराने जा रहा है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप भी लगते रहे हैं कि उसने अपनी मनमानी के चलते बड़ी संख्या में लोगों को चुनाव से वंचित कर दिया, विशेषकर हाशिए पर पड़े लोगों को। विपक्ष ने इसको बड़ा मुद्दा भी बनाया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय चुनाव आयोग के सामने पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से बिहार के विधानसभा चुनाव कराना बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि बिहार ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह वोट चोरी कराता है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर इस तरह के सबूत भी दे चुके हैं जिससे संदेह होता है कि कहीं न कहीं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है या वह हो रही है। जहां तक बात चुनाव आयोग की है वह बराबर राहुल गांधी के आरोपों से इन्कार करता रहा है, लेकिन कोई ठोस तर्क इसकी तरफ से कोई देखने में नहीं आया है। इस बात का चुनाव आयोग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है कि एकाएक किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता कैसे जोड़े गए या कहीं उनके नाम काट दिए गए। एक नहीं दर्जनों स्थानों पर ऐसा भी देखने में आया है जहां एक ही कमरे के पते पर हजार वोटों से ऊपर दर्ज हैं। होना तो यह चाहिए था कि चुनाव आयोग आगे आकर यह कहता कि वह इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरी से जांच कराएगा। इसके उलट वह राहुल गांधी से ही उस संबंध में शपथपत्र मांग रहा है। इससे और संदेह पैदा होता है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए और सबसे बड़ी बात चुनाव आयोग को अपनी कार्यशैली से कभी भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, क्योंकि अगर चुनाव ही निष्पक्ष नहीं होंगे, तो यह हमारी पूरी लोकतंत्र प्रणाली के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा और उस सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी जिस पर धांधली से सत्ता में आने के आरोप लगे हैं। यही कारण है कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर सबकी नजर लगी हुई है। यह अच्छी बात है कि पिछली बातों से सबक लेकर इस बार चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया है, क्योंकि जब पिछले चुनाव हुए थे तो वह सात चरणों में हुए थे। इसको लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई थी। अब जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो गई है, उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बेहतर काम करेगा।

## खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं



उप्र सरकार ने विगत 3 वर्षों में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है, खेल, व्यक्ति को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है, खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, अपितु यह जीवन की आवश्यकता एवं स्वावलंबन का आधार भी है, विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं में आठ खेल विधाओं को हमने शामिल किया है, हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धा का जब उचित अवसर प्राप्त होता है, तो वे अपनी प्रतिभा की छाप राष्ट्रीय स्तर पर छोड़ते हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप**

# मानव जीवन में मादक पदार्थों से नुकसान तथा उनसे बचाव

**प्रो. आरके सिंह**

भारत में युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों का दुरुपयोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा है। आधुनिक समय के जीवन के तनाव ने व्यक्ति को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की समस्या की ओर उन्मुख कर दिया है। शराब एवं मादक द्रव्यों की लत से न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि परिवार एवं समाज को भी बहुत ही प्रभावित करता है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। पूरी दुनिया में लगभग 30 लाख करोड़ का है नशे का कारोबार, जिसके चलते शराब और नशीली दवाओं के सेवन से प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जिनमें से अधिकांश पुरुषों की होती हैं। ये आंकड़े हर मां-बाप के लिए चिंता. जनक हैं। इन मादक द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को बिना शर्त प्यार देना चाहिए, अपने बच्चे के आत्म-सम्मान को मजबूत करना चाहिए और अच्छे विशेषज्ञों या डॉक्टर की मदद लेने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध सरकारी प्रयास**

मादक पदार्थों के विरुद्ध का अर्थ है नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण, तस्करी और व्यापार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले प्रयास, जिसमें कानून बनाना, सख्त कानून लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता फैलाना और सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल है। भारत में 1985 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस NDPS एक्ट लागू किया गया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ कड़े प्रावधानों वाला एक कानून है। साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां Psychotropic : औषधियों का एक ऐसा समूह होता है जो तन्त्रिका तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां कहलाता है। इनको नियमित रूप से प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को इनकी लत पड़ जाती है, इसे औषध व्यसन drug addiction कहते हैं। इसके कारण व्यक्ति शारीरिक तथा मानसिक रूप से रोगी हो जाता है।

मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) शुरू किया। जिसका शुभारंभ 32 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए किया गया है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे संवेदनशील माना गया है।

**मादक पदार्थों की लत का कारण क्या है**

**मनोवैज्ञानिक कारक**-मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे अवसाद, चिंता या आघात, मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकती हैं, क्योंकि लोग भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं।

**सामाजिक कारक**- साथियों का दबाव, सामाजिक मानदंड और सामाजिक स्वीकृति के कारण व्यक्ति पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।



**मादक पदार्थों के नुकसान**- भारत में अनेकों प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है जैसे अफीम, हेरोइन, बार्बिटुरेट्स आदि।

**उत्तेजक पदार्थ**- ये दवाएं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाती हैं। जैसे- एम्फैटेमिन, कोकीन, आदि।

**मतिभ्रमकारी पदार्थ**- ये ऐसी दवाएं हैं जो हमारी सामान्य दृष्टि, श्रवण और अनुभूति की क्रियाओं को विकृत कर देती हैं।

मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़ी समस्याओं में कई जटिलताएं होती हैं। यह यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त कई लोग अवसाद , चिंता या द्विध्रुवी विकार जैसे अन्य मानसिक विकारों का भी अनुभव करते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के परिणामस्वरूप अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में मादक द्रव्यों के सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

**मादक द्रव्यों से बचाव**

मादक पदार्थों से बचाव के लिए शिक्षा, सकारात्मक आदतें, और सही संगति बहुत महत्वपूर्ण हैं। मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए मना करना सीखें, ऐसे शौक या गतिविधियों में शामिल हों जिनमें आपकी रुचि हो, और ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हों। अगर आपको या आपके किसी परिचित को मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में मदद की जरूरत है, तो योग्य विशेषज्ञों या डॉक्टर से सलाह लेना सबसे अच्छा है।

मादक द्रव्यों से बचाव के लिए शिक्षा, वकालत और सुरक्षित वातावरण तैयार करना महत्वपूर्ण है। इसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना और श्नाश कहना सिखाना शामिल है। इसके अलावा, सामाजिक सहायता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नशीले पदार्थों की उपलब्धता कम करने वाले कानूनों को मजबूत करना भी प्रभावी कदम हैं।

**व्यक्तिगत स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा और जागरूकता**- मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिमों और हानिकारक प्रभावों के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करें।

**न कहना सीखें**- जब कोई आपको मादक पदार्थ देने की कोशिश करे तो श्नाश कहने का अभ्यास करें।

**सकारात्मक आदतें अपनाएं**- अपनी रूचि के अनुसार खेल, संगीत, या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में खुद को व्यस्त रखें।

**स्वस्थ दोस्ती**- ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**भावनात्मक मुकाबला**- तनाव, चिंता या उदासी से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें। जैसे कि व्यायाम करना, योग करना, या किसी दोस्त से बात करना।

**मदद मांगें**- अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय वयस्क, जैसे माता-पिता, शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें।

**धैर्य और दृढ़ संकल्प**- मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव एक सतत प्रक्रिया है। खुद पर और अपनी पसंद पर विश्वास रखें।

**सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा कार्यक्रम**- स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में नशीली दवाओं की रोकथाम के कार्यक्रम चलाएं जो शैक्षिक और संवादात्मक हों। ऐसे कानूनों और नीतियों का समर्थन करें जो नशीली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हों। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाने चाहिए।

**कानूनी उपाय**

**नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट**

यह कानून मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, तस्करी, आयात और निर्यात को प्रतिबंधित करता है। एक्ट के उल्लंघन पर कठोर कारावास और भारी जुर्माना दोनों का प्रावधान है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा शामिल हो सकती है। स्वास्थ्य शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता अभियान मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करों को पकड़ने के लिए जनता और स्थानीय निकायों का सहयोग आवश्यक है। उन लोगों को उपचार प्रदान करना जो मादक द्रव्यों के सेवन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (जैसे अवसाद या चिंता) से भी जूझ रहे हैं, महत्वपूर्ण है।

**नशीली दवाओं से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**


1. नशीली दवाओं से दूर रहें, खासकर जब आप तनाव या दबाव में हों।
2. उन दोस्तों और गतिविधियों से बचें जो आपको नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित कर सकते हैं।
3. अपने परिवार और भरोसेमंद दोस्तों से बात करें यदि आपको लगता है कि आप मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम में हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो मनोरोग विशेषज्ञ या डॉक्टर से मदद लें।

मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई में न केवल कानूनी और प्रवर्तन उपाय शामिल हैं, बल्कि समाज और समुदाय की भागीदारी, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण हैं। मादक द्रव्यों से भावी रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक कौशल और मुकाबला करने की रणनीतियों को बढ़ावा देना, परिवारों और समुदायों को शामिल करना और व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां शामिल हैं, जो युवा और जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। साथ ही मादक द्रव्यों से बचाव अभियान की सफलता व्यक्ति, परिवार और समुदाय के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है, जो एक सतत और अनुकूलनीय रणनीति अपनाते हैं।

(लेखक हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट सी.सी.आर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर से संबंधित हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे कलाम

**कमरुल इस्लाम**



डा एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में एक साधारण से गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में अखबारों को बेचते हुए डॉ. कलाम ने मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज, मद्रास से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। शुरू में उनका लक्ष्म पायलट बनने का था किन्तु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। डॉ. कलाम ने शुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में सेवाओं प्रदान की और फिर डीआरडीओ में इंटग्रेटेड गाईडेड मिसाईल डवलपमेंट प्रोग्राम IGMDP के प्रमुख के रूप में पांच मिसाईल पृथ्वी-आकाश-त्रिशूल, नाग और अग्नि के अनुसंधान और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आगे चलकर, इस तकनीक को और उन्नत रूप से विकसित किया गया। आज राज दुनिया की बेहतरीन व उन्नत मिसाईल बनाने में सक्षम है। अब डॉ. कलाम की चर्चा सारे विश्व में मिसाईल मेन के रूप में होने लगी थी।

भारत के रक्षा वैज्ञानिक सलाहकार एवं चीफ डीआरडीओ के उच्च पद पर कार्य करने के पश्चात भी डॉ. कलाम तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे। डॉ. कलाम महान वैज्ञानिक ही नहीं, अपितु शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी विशेष रूचि रही। वह सबों के साथ उनका मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जीवन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की लालसा उन्हें एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व का मालिक बनाती है। भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों का महत्व देते हुए उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण तथा भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। 25 जुलाई 2002 में डॉ. कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने।

( लेखक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में निजी सचिव रह चुके हैं, फिल्हाल वह सेवानिवृत्त हैं)

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जल्दबाजी ठीक नहीं



**मसूद हसन**

वक्फ संशोधन कानून और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के अन्तरिम फैसले से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मुसलमानों के बड़े तबके को आशंकाओं एवं असन्तोष ने घेर लिया है। यदि सरकार ने इन आशंकाओं पर गौर किए बिना कानून को जल्दबाजी में लागू करने और मुसलमानों के अनुसार उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया तो मुसलमानों की ओर से यह एक बड़े आन्दोलन का रूप ले कसता है। यह आन्दोलन सीएए और एनआरसी विरोधी आन्दोलन से बड़ा भी हो सकता है क्योंकि इसमें धर्म का रंग भी शामिल है।

मुसलमानों को मुख्य आपत्ति जिलाधिकारी को असीमित अधिकार देने, वक्फ बोर्डों में गैर मुसलमानों की नियुक्तियों और वक्फ बोर्ड यूजर का प्रावधान खत्म किए जाने पर था। अदालत ने जिलाधिकारी के अधिकार पर अन्तरिम रोक लगाने के साथ गैर मुस्लिमों की सदस्य संख्या भी सीमित की है, लेकिन अदालत वक्फ बोर्ड यूजर पर खामोश है।

मुसलमानों का कहना है कि देश के बंटवारे के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने दिल्ली में जामा मस्जिद में दिए गए ऐतिहासिक खुतबे में मुसलमानों से पाकिस्तान न जाने की अपील करते हुए उन्हें बुजुर्गों का कब्रों का हवाला दिया था और आज उन्हीं कब्रों पर संकट आ गया है। संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक मामले में अपने धर्म अनुसार पालन करने का अधिकार देता था। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के जिन कुछ प्रावधानों पर



अंतरिम रोक लगा दी है, उसमें वक्फ बोर्ड सदस्य बनने के लिए इस्लाम का पांच साल तक पालन करने की शर्त और जिला कलेक्टर को किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने का अधिकार देना शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर आगे सुनवाई करेगा, क्योंकि कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। विभिन्न मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने न्यायालय के इस फैसले का सीमित स्वागत किया है, क्योंकि इससे मुस्लिम संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश को आंशिक राहत लेकिन कई प्रावधानों पर निराशा जताई है। ला बोर्ड ने कलेक्टरों की शक्तियों पर रोक और वक्फ बाई यूजर को सुरक्षित रखने का स्वागत किया लेकिन कई धाराओं को असंवसैधानिक बताया। लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा बैठक की बोर्ड ने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने इस बिल का विरोध किया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 वक्फ अधिनियम 1965 में संशोधन करता है, जिसमें केन्द्र का नियंत्रण बढ़ता है और गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका होती हैं, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़े। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2025 में इसे मंजूरी दी, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने सितम्बर 2025 में वक्फ संशोधन अधिनियम बनाने के लिए पांच साल की मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी है, साथ ही कलेक्टर द्वारा संपत्ति अधिकार तय करने के प्रावधान पर भी रोक लगाई है, जो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन माना गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों पर केन्द्र के नियंत्रण को बढ़ाता है और भविश्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करता है। कई राउंड की सुनवाई के बाद अन्तरिम फैसला आया है। इस कानून के खिलाफ जिन मुस्लिम समुदायों के लोगों ने विरोध जताया है, उन का कहना है यह लड़ाई लम्बी है। कांग्रेस नेता इमरान प्रताप गढ़ी भी याचिकाकर्ता हैं, उन्होंने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वक्फ संशोधन कानून की आत्मा पर रोक लगा दी है। वक्फ का अर्थ अल्लाह की सेवा के लिए किसी मुसलमान द्वारा अपनी किसी भी चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थाई रूप से समर्पित करना है।

एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह अविभाज्य हो जाती है और जिसे बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है और वह हमेशा के लिए अल्लाह की संपत्ति मानी जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया दान। वक्फ की सम्पत्ति को बेचा नहीं जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। वक्फ संपत्ति अल्लाह में निहित होती है। यह स्थाई मानी जाती है। एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ का नियम लागू होता है। वक्फ संपत्तियों का प्रबन्धन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता है, जो वक्फ की देखरेख करते हैं। दिल्ली सल्तनत के दौरान वक्फ की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया था, जब शासकों ने मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए संपत्तियां दान की थीं। नवाबों ने धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए जमीनें वक्फ की थीं। वक्फ बोर्ड का गठन वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और देखरेख को व्यवस्थित किया जा सके। 1964 में केन्द्रीय वक्फ परिशद की स्थापना हुई, जो राज्य वक्फ बोर्डों के कामकाज की निगरानी और सलाह देने का काम करती है। इस अधिनियम को वक्फ अधिनियम 1995 में प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ प्रबन्धन को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए एक औपचारिक ढांचा स्थापित किया गया। वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्य वक्फ से संबंधित संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण और प्रशासन करना है। वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाता है। यह एक व्यवस्था है जो राज्य वक्फ बोर्डों की देखरेख करता है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित किए जिनका काम अपने राज्य की वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन करना है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

**बीजिंग।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी।

इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई। फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और



■ इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई

मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे। तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया। फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

## रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारतः यूक्रेनी थिंक टैंक

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।



नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुई एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, चार की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोल.ीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तुर्की दजला, फरात नदियों में और पानी छोड़ेः इराक

**बगदाद।** इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवम्बर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

### यूक्रेनी ड्रोन डोनेट्स्क में बस पर किया हमला, छह घायल

**मॉस्को।** यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के गोरलोव्का में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। गोरलोव्का के मेयर ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार गोरलोव्का के मेयर इवान प्रिखोदको ने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि गोरलोव्का के एक आवासीय क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक बस पर हमला किया, जिससे छह लोग घायल हो गए।

# हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए

## 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया, बदले में इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया




**तेल अवीव।** हमास ने सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रास को सौंपा। इसके बाद इजरायली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इजरायल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजरायली बंधक नहीं है।

हमास आज ही 28 इजरायली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इजरायल ने आज 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे। ट्रम्प, नेतन्याहू के साथ इजरायली संसद पहुंचे। इससे पहले नेतन्याहू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कोशिशें की हैं। उन्हें अगले साल शांति का नोबेल मिलना

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे, खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे**

चाहिए। इजरायली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है।

इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजरायल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी।अमेरिका को भी इस बात की जानक.ारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है। अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजरायली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजरायल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी। ट्रम्प का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए रो.कना पड़ा, क्योंकि 2 इजरायली सांसद फलस्तीन के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें संसद से बाहर खींचकर बैनर छीन लिए। इजरायली सांसद ने संसद में एक प्लेकार्ड पकड़ा है जिसपर 'फलस्तीन को मान्यता दो' का नारा लिखा है। ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की। उन्होंने आगे कहा: यह इजरायल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है।

### ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं। लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। सदियों बीत गए हैं। मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है। इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है। इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है। युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे। यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुई थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से इज़रायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 18000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। उड़ान भरने से पहले ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया। उन्होंने युद्ध विराम के लिए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कतर की भूमिका की प्रशंसा की।

# गाजा में हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

## फलस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**गाजा।** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। झड़प में एक फलस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया।

डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी से लोग डरकर भाग रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि इस बार लोग इजरायली हमलों से नहीं, बल्कि अपने ही लोगों से भाग रहे थे। डोगमूश नाम की उत्पत्ति

**यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया**

तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्की में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जानस्टन और इजरायली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

# ट्रम्प के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गाड्र्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई।

अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गाड्र्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गाड्र्स की तैनाती के फैसले की




■ सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध

खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है। रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है।

## भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति 43 साल बाद रिहा, गलत आरोप में काटी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में भारतीय-अमे.रिकी सुब्रमण्यम वेदम 43 साल तक हत्या के एक झूठे मामले में जेल में रहने के बाद रिहा कर दिए गए हैं। 64 साल के वेदम को 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वेदम, एक स्थाई अमेरिकी निवासी है। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या के आरोप लगे। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उसे 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अगस्त 2025 में, सेंटर काउंटी के जज जोनाथन ग्राइन ने उनकी सजा को पलट दिया।

# इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर का

**स्टाकहोम।** इस साल इकोनामिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हाविट (अमेरिका) और फिलिप एगियान (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इना.ेवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है।

तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और

**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला, 10 करोड़ प्राइज मिलेगा**

जीवन स्तर बेहतर होता है। विज.ेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसम्बर को स्टाकहोम में दिए जाएंगे।

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना और बदलाव स्वीकार करना भी बहुत जरूरी है। फिलिप एगियान और पीटर हाविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

# अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर एफआरआरओ को सौंपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध



दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा। पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीज़ा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई। आगे जांच में पाया गया कि उनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है और वे लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। इन गिरफ्तारियों में विदेशी नागरिकों की पहचान कैमरून निवासी फ्रैंक फोटचिंग, रोमियो लूसियन, नाइजीरिया निवासी सैमुएल, माल्क फराडे, इनौसा, घना निवासी इवांस डांसो के रूप में हुई है। पुलिस ने विद.ेशी नागरिकों को आश्रय देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सभी छह विदेशी नागरिकों को नरेला स्थित सेवा सदन, लैंपुर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। एफआरआरओ के समन्वय में निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नीति 'शून्य सहिष्णुता' के तहत किसी भी व्यक्ति को बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूडानी सेना ने पश्चिमी सूडान में 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से जयादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से जयादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थाई आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की जिम्मेदारी से इनकार किया।

